Further, the Sr. Executive Engineers of field units of HPSEBLs shall function as the Nodal Officer(s) within their respective jurisdictions for the purpose of implementation, coordination, and monitoring of the Telecommunications Right of Way (RoW) Rules, 2024.

Managing Director,
HPSEBL, Vidyut Bhawan,
Shimla-171004.

No. - HPSEBL/CE (MM)/EoI/2026-27- 4993- 5025 **Dated:-** 22-09-2026

Copy forwarded to:-

1. The Chief Secretary to the Govt. of H.P., H.P. Secretariat, Shimla-171002 for kind information please.
2. The Chairman, HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 for kind information please.
3. The ACS (MPP & Power), H.P. Secretariat, Shimla-171002 for kind information please.
4. The Director (DTG), Department of Digital Technologies and Governance, Government of Himachal Pradesh, Shimla-171013 **for kind information & necessary action please**.
5. The Director (F&A), HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 for kind information please.

6. The Director (Op.), HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 for kind information please.
7. The Director (Tech.), HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 for kind information please.
8. The Chief Engineer (MM), HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 **for information & necessary action please**
9. The Chief Engineer (P&M), HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 **for information & necessary action please.**
10. The Chief Engineer (Commercial), HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 **for information & necessary action please.**
11. The Chief Engineer (SP), HPSEBL, Shimla for information please.
12. The Chief Engineer, Operation, South /North/ Central Zone, HPSEBL **along with soft copy of above mentioned Rules/Notifications and imparting necessary directions to the field units under your control for taking necessary action.**
13. The Chief Electrical Inspector, SDA Complex, Kasumpti, Shimla-171009 for information please.
14. The Executive Director (P), HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 for kind information please.
15. The Chief Accounts Officer, HPSEBL, Shimla **for information and necessary action please.**
16. The Dy. Chief Engineer/ Superintending Engineer (Op.), HPSEB Ltd., Shimla, Rohru, Rampur, Solan, Nahan, Kangra, Dalhousie, Una, Mandi, Kullu, Bilaspur, Hamirpur & Dehra **for information & necessary action please.**
17. **The Superintending Engineer (IT),** HPSEBL, Vidyut Bhawan, Shimla-4 **to upload this Order along with above mentioned Rules/Notifications on HPSEBL's web-portal, please.**
18. The Company Secretary, HPSEBL, Shimla **for information and further necessary action please.**
19. The Drawing Branch of this office.

Managing Director,
HPSEBL,Vidyut Bhawan,
Shimla-171004.

Government of Himachal Pradesh
Department of Digital Technologies and Governance

NOTIFICATION

No.- DIT-F/21/2021-IT0-DIT-(e-34214)-178 **Dated:** Shimla-2, the 17th February, 2025

Sub: **Implementation of the Telecommunications Right of Way Rules (RoW), 2024.**

Ref: Letter received from the Secretary, DoT, Govt. of India, New Delhi vide D.O. letter No. 5-6/2024(186123), DT: 11.11.2024 (**copy enclosed**)

In the reference, the Secretary, Department of Telecommunications (DoT), Government of India (GoI) informed that *"... the DoT has recently notified the Telecommunications Right of Way Rules (RoW), 2024 in accordance with the Telecommunications Act, 2023. Further, it was informed that the Telecommunications RoW Rules, 2024 are now mandatorily to be followed by States without any need for going through adoption process and the said Rules would stand implemented w.e.f. 01.01.2025".*

Hence, it is to inform that from 01.01.2025, the existing Himachal Pradesh Right of Way (RoW) Policy, 2023 issued vide Notification No. DIT-F/21/2021-(e-34214)-302 dated:31.01.2024, **shall cease to exist**.

The Telecommunications Right of Way Rules (RoW), 2024 in accordance with the Telecommunications Act, 2023 notified by the GoI shall come into effect from 01.01.2025 in the State of Himachal Pradesh, initially for a period of one year. Necessary instructions shall be issued to the heads of the department, autonomous organizations, and subordinate units under the Departments of the Government of Himachal Pradesh to follow and comply with the rules.

Secretary (DT&G) to the
Government of Himachal Pradesh

Endst. No.: As above **Dated:** Shimla-13, the 17th February, 2025

Copy forwarded to:

1. The Secretary, Department of Telecommunications, Ministry of Telecommunications, Sanchar Bhawan 20, Ashoka Road, New Delhi-1 1000l w.r.t D.O. No. 5-6/2024(186123), DT:11.11.2024 for reference please.
2. The Chairman, HPSEB Ltd, Shimla-4.
3. The Addl. Chief Secretary (Forest) to the Government of Himachal Pradesh Shimla-171002
4. The Addl. Chief Secretary (TD) to the Government of Himachal Pradesh, Shimla-171002.

5. The Pr. Secretary (Finance) to the Government of Himachal Pradesh, Shimla- 171002.
6. The Pr. Secretary (TCP & UD) to the Government of Himachal Pradesh.
7. The Secretary (PWD) to the Government of Himachal Pradesh, Shimla-171002.
8. The Secretary (Power) to the Government of Himachal Pradesh, Shimla-171002.
9. The Pr. PS-cum-Spl Secy. to the Chief Minister, H.P., Shimla-2.
10. The Addl. Pr. PS-Cum-Spl. Secy to the Chief Secretary, HP, Shimla-2.
11. The Sr. Spl.PS to the Chief Secretary, HP, Shimla-2
12. The Spl. PS to the Chief Minister, H.P.., Shimla-2.
13. The Director, Urban Development, Shimla-2.
14. The Director, Panchayati Raj, Shimla-9.
15. The Director, Town and Country Planning, Shimla-9.
16. The Director, (Envt., Sc.& Tech), Shimla-01.
17. All the Deputy Commissioners in Himachal Pradesh.
18. The Commissioners, Municipal Corporations in Himachal Pradesh.
19. The Member Secretary (Pollution Control Board). Shimla-09.
20. The Commissioner, Tribal Development, Shimla-2.
21. The Engineer-in-Chief, HP PWD, Nigam Vihar, Shimla-02.
22. The Chief General Manager, BSNL, SDA Complex, Kasumpti, Shimla-09.
23. The Director General, Digital Infrastructure Providers Association, 2"d and 3"d Floor,7 Bhai Veer Singh Marg, Gole Market, NewDelhi-110001.
24. The CEO, Housing Board, Shimla-2.
25. The Circle Head, M/s Airtel, SDA complex, Kasumpti, Shimla-9.
26. The Circle Head, M/s Reliance Jio Infocomm Ltd., Parking Block, Level-1792, Second Floor, ISBT, Tutikandi, Shimla-4.
27. The Deputy Secretary (GAD) to the Govt. of Himachal Pradesh, Shimla-171002.

Secretary (DT&G) to the
Government of Himachal Pradesh

डॉ. नीरज मित्तल, भा.प्र.से.
सचिव
DR. NEERAJ MITTAL, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
Government of India
Ministry of Communications
Department of Telecommunications

DO No. 5-6/2024 (186123)
Dated: 11th November, 2024

Dear Sir/Madam

DoT has recently notified the Telecommunications Right of Way Rules (RoW), 2024 (copy enclosed) in accordance with the Telecommunications Act 2023. The rules shall come into force on the 1st day of January, 2025. Thus from 01.01.2025 the existing RoW rules shall cease to exist.

2. Earlier, the RoW rules required adoption from each State. The charges being levied by different States/UTs also used to vary. However, **the RoW rules 2024 are now mandatorily to be followed without any need for going through adoption process.** Therefore, the state may issue necessary clarifications to all concerned authorities, that these rules would stand implemented w.e.f. 01.01.2025.

3. One of the important features of the Act is that its ***implementation has to be digital by design.*** Therefore, all the provisions of the Telecommunications (Right of Way) Rules, 2024 made under the Act have to be implemented in digital form. Accordingly, the Centralised Right of Portal - **GatiShakti Sanchar**, developed for 11 States/UTs and integrated with RoW portals of other 25 States/UTs, is being upgraded.

4. In view of above, the State RoW Portal may also be modified/upgraded so that the same is made operational w.e.f. 1-1-2025. In this regard, NBM wing of DoT has already started having meetings with nodal officers to hand hold the technical teams of the States/UTs for implementation of the new/modified provisions of the rules.

5. I request you to kindly instruct the concerned authorities of your State to ensure by working with the respective IT vendors of the State RoW portal(s) that the modified/upgraded State RoW portal is made operational w.e.f. 01.01.2025. Alternatively, the state can also use Central RoW Portal for its use.

6. I also request that you may kindly confirm by 30.11.2024 that the State will be upgrading its RoW Portal by 01.01.2025. If no communication is received by 30.11.2024 it will be presumed that the State will use the Central RoW Portal being upgraded by DoT. Sh. Ganesh Bakade, Director (II), NBM (Mob: 9868103831 Email: dir2@broadbandmission.gov.in) will be the SPOC from DoT and we will start making necessary provision.

Regards,

Yours sincerely,

(Neeraj Mittal)

Encls: As above. (Sent by E-Mail dated 11/11/24)

Chief Secretary(s) of All States and Administrator of Union Territories

कमरा नं. 210, संचार भवन, 20, अशोक रोड़, नई दिल्ली-110001 / Room No. 210, Sanchar Bhawan, 20, Ashoka Road, New Delhi - 110001
Ph. : +91-11-23719898, Fax : +91-11-23711514, E-mail : secy-telecom@gov.in

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-18092024-257202
CG-DL-E-18092024-257202

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 534] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 17, 2024/भाद्र 26, 1946
No. 534] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 17, 2024/BHADRA 26, 1946

संचार मंत्रालय

(दूरसंचार विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 सितम्बर, 2024

सा.का.नि. 576(अ).— दूरसंचार (मार्ग के अधिकार) नियम, 2024 का प्रारूप, जिसे केंद्रीय सरकार धारा 11 की उप-धारा (3) के साथ पठित, धारा 12 की उप-धारा (5) और (6) के साथ पठित, धारा 15 की उप-धारा (2) के साथ पठित, धारा 17 की उप-धारा (1) और (2) के साथ पठित, दूरसंचार अधिनियम, 2024 (2023 का 44) की धारा 56 की उप-धारा (2) के खंड (ढ), (ण), (त), (थ), (द) और (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों द्वारा बनाने का प्रस्ताव करती है, को उक्त अधिनियम की धारा 56 की उप-धारा (1) की अपेक्षानुसार भारत सरकार के संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 373(अ), तारीख 9 जुलाई, 2023 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उप-खंड (i), तारीख 10 जुलाई, 2024 में प्रकाशित किया गया था, जिसमें इससे प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से उक्त अधिसूचना वाले राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध कराए जाने की तारीख से तीस दिन की अवधि समाप्त होने से पूर्व आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां तारीख 10 जुलाई, 2024 को जनसाधारण को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और केंद्रीय सरकार द्वारा उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में जनसाधारण से प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर विधिवत रूप से विचार किया गया है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार दूरसंचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44) की धारा 11 की उप-धारा (3) के साथ पठित, धारा 12 की उप-धारा (5) और (6) के साथ पठित, धारा 15 की उप-धारा (2) के साथ पठित, धारा 17 की उप-धारा (1) और (2) के साथ पठित, धारा 56 की उप-धारा (2) के खंड (ढ), (ण), (त), (थ), (द) और (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय तार मार्ग के अधिकार नियम, 2016 और भारतीय तार (अवसंरचना सुरक्षा) नियम, 2022 के अधिक्रमण में, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है और उन नियमों के अधीन प्रदान किए गए मार्ग के अधिकार से संबंधित विद्यमान अनुमतियों के निबंधन और शर्तों को अध्यारोहित किए बिना, जो ऐसी अनुमतियों की समाप्ति की तारीख तक लागू रहेंगी, अधिक्रमण करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात:-

अध्याय 1: प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम दूरसंचार (मार्ग के अधिकार) नियम, 2024 है।

(2) ये तारीख 01 जनवरी, 2025 से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं — (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) "अधिनियम" से दूरसंचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44) अभिप्रेत है;

(ख) "कॉमन डक्ट्स" अथवा "कोंडुइट्स" अथवा "केबल कॉरिडोर" से अलग-अलग अथवा सामूहिक रूप से दूरसंचार लाइनों सहित हाउसिंग यूटिलिटि लाइनों के लिए किसी भी आकार की कोई लिनियर अवसंरचना अभिप्रेत है;

(ग) "अभिहीत प्राधिकारी" से इन नियमों के प्रयोजनों के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा अभिहीत प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(घ) "डक्ट" से स्थायी रूप से ल्यूब्रिकेट की गई अथवा किसी अन्य प्रकार की पाइप अभिप्रेत है जिसका उपयोग दूरसंचार लाइन के लिए भूमिगत केबल कोंडुइट के रूप में किया जाता है;

(ङ) "*अप्रत्याशित* घटना" से निम्नलिखित घटनाएं अभिप्रेत हैं:

(i) युद्ध अथवा संघर्ष;

(ii) व्यापक दंगे अथवा नागरिक उपद्रव;

(iii) भूकंप, बाढ़, तूफान, वज्रपात अथवा अन्य प्राकृतिक भौतिक आपदाएँ; और

(iv) केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध।

(च) "मोबाइल टावर" से भूमि के ऊपर का कोई भी साधन अभिप्रेत है, जिसमें वह संरचना भी शामिल है जिसे हटाया जा सकता है और किसी अन्य स्थान पर पुनः जोड़ा जा सकता है, जिसका उपयोग दूरसंचार नेटवर्क को संप्रेषित करने, लटकाने अथवा समर्थन देने के लिए किया जाता है, लेकिन इसमें खंभा शामिल नहीं है;

(छ) "नोडल अधिकारी" से संबंधित सार्वजनिक इकाई का नोडल अधिकारी अभिप्रेत है जो ऐसी सार्वजनिक इकाई की ओर से इन नियमों के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए उत्तरदायी है, जैसा की नियम 4 में निर्दिष्ट किया गया है;

(ज) "ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क" से भूमि के ऊपर स्थापित दूरसंचार नेटवर्क अथवा दूरसंचार उपकरण के भाग अभिप्रेत हैं और इसमें दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना अथवा अनुरक्षण के उद्देश्य से पोर्टेबल दूरसंचार

अवसंरचना, पोस्ट, मोबाइल टावर, दूरसंचार लाइन अथवा जमीन के ऊपर का अन्य साधन, उपकरण और उपस्कर सम्मिलित हैं;

(झ) "पोल" से दूरसंचार नेटवर्क को संप्रेषित करने, लटकाने अथवा समर्थन देने के लिए मास्ट सहित तेरह मीटर तक की ऊंचाई का जमीन के ऊपर की कोई भी संरचना अभिप्रेत है परंतु इसमें मोबाइल टावर सम्मिलित नहीं है;

(ञ) "पोर्टल" से केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाने वाला पोर्टल अभिप्रेत है जिसमें विभिन्न सार्वजनिक इकाईयों के एक या अधिक डिजिटल पोर्टलों के लिंक सम्मिलित होंगे;

(ट) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है;

(ठ) “स्मॉल सेल” से सेलुलर रेडियो एक्सेस नोड अभिप्रेत है जिसकी कवरेज दो किलोमीटर की दूरी तक है;

(ड) "स्ट्रीट फर्नीचर" से बिजली के लिए उपयोग किया जाने वाला कोई भी पोस्ट अथवा पोल, स्ट्रीट लाइट, ट्रैफिक लाइट, ट्रैफिक साइन, बस स्टॉप, ट्राम स्टॉप, टैक्सी स्टैंड, सार्वजनिक शौचालय, स्मारक, सार्वजनिक मूर्ति, यूटिलिटि पोल, मेट्रो लाइंस और पिलर्स, साइन बोर्ड्स, होर्डिंग्स, किओस्क्स अथवा सार्वजनिक इकाई की संपत्ति पर स्थापित इस तरह की कोई अन्य संरचना अथवा साधन अभिप्रेत है;

(ढ) "दूरसंचार लाइन" से दूरसंचार के प्रयोजन से उपयोग किया जाने वाला कोई तार अथवा तारें, अथवा ऑप्टिकल फाइबर, जिसके चारों ओर कोई आवरण, कोटिंग, ट्यूब अथवा पाइप हो, और उसे ठीक करने अथवा इन्सुलेट करने के उद्देश्य से उससे जुड़े कोई भी उपकरण और उपस्कर अभिप्रेत है;

(ण) "भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क" से भूमि के नीचे बिछाए गए दूरसंचार नेटवर्क अथवा दूरसंचार उपकरण के भाग अभिप्रेत हैं और इसमें दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना अथवा अनुरक्षण के प्रयोजनों के लिए डक्ट्स, मैनहोल, मार्कर स्टोन, हैंडहोल, सबमरीन केबल्स, दूरसंचार लाइन, उपकरण और उपस्कर सम्मिलित हैं।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो उनके क्रमश: उस अधिनियम में है।

3. लागू होना— (1) ये नियम दूरसंचार नेटवर्क के लिए मार्ग के अधिकार की अनुमतियों पर लागू होंगे।

(2) कोई भी सार्वजनिक इकाई दूरसंचार नेटवर्क के लिए मार्ग के अधिकार की मांग करने वाले किसी भी सुविधा प्रदाता द्वारा किए गए आवेदन पर इन नियमों के अधीन शक्तियों का प्रयोग करेगी।

(3) इन नियमों के अधीन सभी आवेदन, अधिसूचनाएं, स्पष्टीकरण, अनुमतियां, आपत्तियां अथवा अस्वीकृतियां, इन नियमों के अधीन निर्दिष्ट सीमा के अनुसार पोर्टल के माध्यम से की जाएंगी।

4. सार्वजनिक इकाई नोडल अधिकारी नियुक्त करेगी — प्रत्येक सार्वजनिक इकाई इन नियमों की अधिसूचना की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर इन नियमों के प्रयोजनों के लिए पोर्टल पर अपना नोडल अधिकारी निर्दिष्ट करेगी और ऐसे अधिकारी के किसी प्रतिस्थापन को भी संबंधित सार्वजनिक इकाई द्वारा ऐसे प्रतिस्थापन के सात दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल पर निर्दिष्ट किया जाएगा।

5. मार्ग के अधिकार के लिए अनुमति का नवीकरण और वैधता — (1) इन नियमों के अधीन अंतर्निहित दूरसंचार नेटवर्क के संबंध में किसी सुविधा प्रदाता को दी गई मार्ग के अधिकार की अनुमति, जब तक कि ऐसी अनुमति इन नियमों के अनुसार समाप्त नहीं कर दी जाती है।

क) केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए प्राधिकार अथवा अनुज्ञप्ति अथवा ऐसे प्राधिकार अथवा अनुज्ञप्ति से छूट की अवधि, जैसा भी मामला हो, के साथ-साथ वैध रहेंगे; और

ख) किसी नवीनीकृत प्राधिकार अथवा अनुज्ञप्ति की अवधि के लिए अथवा किसी नवीनीकृत प्राधिकार अथवा अनुज्ञप्ति से छूट की अवधि के लिए वैध बने रहेंगे, जिसे उस सरकार द्वारा दूरसंचार अधिनियम 2023 (2023 का 44) अथवा भारतीय तार अधिनियम, 1885, (1885 का 13) अथवा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार नवीनीकृत किया गया हो, या जैसा भी मामला हो, छूट दी गई हो।

अध्याय 2

सार्वजनिक संपत्ति में भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और अनुरक्षण

6. सुविधा प्रदाता द्वारा आवेदन — (1) भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन अथवा अनुरक्षण के प्रयोजनों के लिए किसी सार्वजनिक संपत्ति में मार्ग का अधिकार चाहने वाले सुविधा प्रदाता को, संबंधित सार्वजनिक इकाई, जिसके पास ऐसी सार्वजनिक संपत्ति पर स्वामित्व, नियंत्रण अथवा प्रबंधन है, द्वारा पोर्टल पर दिए गए प्रारूप और रीति और साथ ही उप-नियम (3) के अधीन निर्दिष्ट सहायक दस्तावेजों के साथ, ऐसे प्रारूप और रीति जैसा कि उस सार्वजनिक इकाई द्वारा निर्दिष्ट किया जाए, आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

(2) यदि किसी सुविधा प्रदाता को उप-नियम (1) के अधीन आवेदन करने के लिए सर्वेक्षण कराने की आवश्यकता होती है, तो:

(क) सुविधा प्रदाता ऐसे सर्वेक्षण करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए संबंधित सार्वजनिक इकाई द्वारा पोर्टल पर दिए गए प्रारूप और रीति से आवेदन प्रस्तुत करेगा; और

(ख) सार्वजनिक इकाई ऐसे आवेदन की प्राप्ति के सात दिनों के भीतर ऐसे सर्वेक्षण के लिए अनुमति प्रदान करेगी और ऐसी अनुमति प्रदान करने के लिए सुविधा प्रदाता से कोई शुल्क नहीं लेगी जैसा कि अनुसूची के भाग-I में निर्दिष्ट किया गया है।

(3) उप-नियम (1) के अधीन किए गए आवेदन में सुविधा प्रदाता द्वारा पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सूचना में सहायक दस्तावेज सम्मिलित होंगे-

(क) दूरसंचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44) के अधीन प्राधिकार, अथवा केंद्रीय सरकार द्वारा भारतीय तार अधिनियम, 1885 (1885 का 13) के अधीन अनुज्ञप्ति, अथवा ऐसे प्राधिकार अथवा अनुज्ञप्ति से छूट की एक प्रति, जैसा भी मामला हो;

(ख) बिछाए जाने वाले प्रस्तावित भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क का ब्यौरा;

(ग) यदि मार्ग का अधिकार विद्यमान दूरसंचार नेटवर्क से संबंधित है तो ऐसे दूरसंचार नेटवर्क के निर्मित रेखाचित्रों की प्रति;

(घ) कार्य के निष्पादन की विधि और अनुमानित अवधि का ब्यौरा;

(ङ) उस दिन के अनुमानित समय का ब्यौरा जब कार्य किए जाने की अपेक्षा है, यदि सुविधा प्रदाता को दिन के विशिष्ट समय के दौरान कार्य किए जाने की अपेक्षा है;

(च) उन अनुमानित व्ययों का ब्यौरा जो सुविधा प्रदाता द्वारा किए जाने वाले प्रस्तावित कार्य के परिणामस्वरूप ऐसी सार्वजनिक इकाई को उठाना पड़ेगा;

(छ) सर्वसाधारण को होने वाली असुविधा का ब्यौरा और ऐसी असुविधा को कम करने के लिए किए जाने वाले विशिष्ट उपाय;

(ज) कार्य के निष्पादन के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए जाने वाले विशिष्ट उपायों का ब्यौरा;

(झ) ऐसे नेटवर्क के प्रचालन और अनुरक्षण के लिए स्थापित किए जाने वाले दूरसंचार नेटवर्क तक पहुंच से संबंधित सुविधा प्रदाता की आवश्यकता का ब्यौरा;

(ञ) किए गए आवेदन के संबंध में पत्राचार के प्रयोजनों के लिए सुविधा प्रदाता के कर्मचारियों के नाम और संपर्क का ब्यौरा; और

(ट) सुविधा प्रदाता की राय में, प्रस्तावित कार्य से संबंधित अथवा उससे संबंधित, सुसंगत किसी अन्य मामले का ब्यौरा।

(4) उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ शुल्क का भुगतान किया जाएगा जैसा कि इन नियमों की अनुसूची के भाग-1 में निर्दिष्ट किया गया है:

परंतु केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किसी परियोजना से संबंधित किसी भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क से संबंधित मार्ग के अधिकार के लिए कोई शुल्क, प्रभार, किराया, वार्षिकी, अथवा किसी भी रूप में कोई अन्य वित्तीय लेवी अथवा अंशदान अथवा मुआवजा, नहीं लिया जाएगा।

7. सार्वजनिक इकाई द्वारा अनुमति प्रदान करना — (1) नियम 6 के उप-नियम (1) के अधीन प्राप्त आवेदन की जांच करने पर, सार्वजनिक इकाई:

(क) ऐसे आवेदन की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर पोर्टल के माध्यम से स्पष्टीकरण अथवा अतिरिक्त दस्तावेज मांग सकती है, जैसा कि अपेक्षित हो:

परंतु सार्वजनिक इकाई ऐसे सभी स्पष्टीकरण और अतिरिक्त दस्तावेज, यदि कोई हो, एक समेकित मांग पत्र में मांगेगी; और

(ख) आवेदन प्राप्त होने की तारीख से सड़सठ दिनों की अवधि के भीतर अनुमति प्रदान करेगा, अथवा उप-नियम (3) और उप-नियम (4) में निर्दिष्ट रीति से आगे बढ़ेगा।

(2) सार्वजनिक इकाई द्वारा दी गई अनुमति में:

(क) यह सुनिश्चित करना कि भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क का क्षेत्र अथवा क्रॉस-सेक्शन जिसके लिए मार्ग का अधिकार प्रदान किया गया है, डक्ट की लंबाई गुणन डक्ट के व्यास तथा डक्ट की संख्या गुणन के बराबर होगा; और

(ख) यह निर्दिष्ट किया जाएगा कि क्या अनुमति उप-नियम (9) के साथ पठित उप-नियम (8) के खंड (क) के अधीन संपत्ति की पुनर्स्थापना के लिए वचनबद्धता और बैंक गारंटी, अथवा उप-नियम (8) के खंड (ख) में निर्दिष्ट किसी भी नुकसान के लिए मुआवजा के अधीन है; और

(ग) सार्वजनिक असुविधा को कम करने अथवा सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए समय और उपाय, मार्ग के अधिकार के निष्पादन की रीति और इस प्रकार स्थापित दूरसंचार नेटवर्क के प्रचालन और अनुरक्षण आवश्यकताओं संबंधी शर्तों सहित अन्य शर्तों को निर्दिष्ट किया जाएगा:

परंतु सार्वजनिक इकाई नियम (6) के उप-नियम (3) के खंड (घ) के अधीन सुविधा प्रदाता द्वारा निर्दिष्ट निष्पादन की रीति पर उचित विचार करेगी।

(3) यदि सार्वजनिक इकाई के पास मार्ग के अधिकार की अनुमति को अस्वीकृत करने के कारण हैं, तो वह आवेदन प्राप्त होने के पैंतालीस दिनों की अवधि के भीतर ऐसे कारणों को पोर्टल पर अपलोड करेगी और सुविधा प्रदाता उस दिन से पंद्रह दिनों के भीतर पोर्टल पर ऐसे कारणों पर प्रतिक्रिया देगा।

(4) सार्वजनिक इकाई उप-नियम (3) के अधीन सुविधा प्रदाता के प्रत्युत्तर पर समुचित विचार करने के पश्चात मार्ग के अधिकार के लिए आवेदन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का विनिश्चय करेगी तथा सात दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल पर अपना निर्णय अपलोड करेगी;

परंतु मार्ग के अधिकार के लिए अनुमति को अस्वीकृत करने वाले किसी भी निर्णय में अस्वीकृति के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाएगा।

(5) सार्वजनिक इकाई द्वारा अनुमति को अस्वीकृत किए जाने पर सार्वजनिक इकाई नियम 6 के उप-नियम (4) के अधीन भुगतान किए गए शुल्क का नब्बे प्रतिशत अस्वीकृति की ऐसी तारीख से पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर सुविधा प्रदाता को वापस करेगी।

(6) यदि सार्वजनिक इकाई इस नियम के अधीन निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर अनुमति देने अथवा अस्वीकार करने में विफल रहती है तो अनुमति प्रदान की गई मानी जाएगी और ऐसी सिस्टम जनित प्रदान की गई अनुमति पोर्टल पर स्वचालित रूप से अपलोड हो जाएगी।

(7) उप-नियम (6) के अधीन जारी की गई प्रदान की गई अनुमति के मामलों में, सार्वजनिक इकाई सात दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल के माध्यम से ऐसी प्रदान की गई अनुमति के निबंधन और शर्तें तैयार करेगी, जो उप-नियम (2) के अधीन सिद्धांतों पर आधारित होंगी।

(8) मार्ग के अधिकार से संबंधित कार्यों के परिणामस्वरूप संपत्ति को हुए किसी भी नुकसान की भरपाई करने के लिए, सुविधा प्रदाता, सार्वजनिक इकाई के विकल्प पर:

(क) ऐसी संपत्ति की उस स्थिति में पुनर्स्थापना करेगा, जैसी वह ऐसे कार्यकलापों के निष्पादन से पहले विद्यमान थी; अथवा

(ख) पारस्परिक सहमति से ऐसी क्षति के लिए मुआवजा का भुगतान करें जो अनुसूची के भाग-2 में विनिर्दिष्ट राशि से अधिक न हो।

(9) सार्वजनिक इकाई उप-नियम (8) के उप-खंड (क) के अधीन सुविधा प्रदाता द्वारा उन मामलों में संपत्ति के पुनर्स्थापन की मांग कर सकती है जहां अनुमति प्रदान की गई है,:

(क) पोर्टल पर उपलब्ध प्रपत्र में विनिर्दिष्ट वचनबद्धता का उपबंध; और

(ख) सुविधा प्रदाता द्वारा अनुमति में विनिर्दिष्ट समय के भीतर कार्य के निष्पादन के लिए सुरक्षा के रूप में अनुसूची के भाग-2 में विनिर्दिष्ट राशि से अनधिक राशि की बैंक गारंटी।

(10) सुविधा प्रदाता, परिसंपत्ति के पुनर्स्थापन के पूर्ण होने पर, पोर्टल पर ऐसे कार्य के पूरा होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा, जिस पर विचार करने के बाद सार्वजनिक इकाई ऐसे प्रस्तुतीकरण से तीस दिनों की अवधि के भीतर सुविधा प्रदाता को उप-नियम (10) के खंड (ख) के अधीन प्रदान की गई बैंक गारंटी वापस करेगी।

(11) सार्वजनिक इकाई ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन या अनुरक्षण के लिए इन नियमों के अधीन अनुमत के अलावा किसी भी रूप में कोई शुल्क, फीस, मुआवजा या प्रवेश शुल्क नहीं लगाएगी या किसी भी अन्य वित्तीय अंशदान की मांग नहीं करेगी।

(12) इस नियम के अधीन किसी भी अनुमति के अनुसरण में कार्यों के निष्पादन के लिए विनिर्दिष्ट समय-सीमा, सार्वजनिक इकाई द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किसी भी अप्रत्याशित घटना की अवधि तक बढ़ाई जाएगी।

अध्याय 3

सार्वजनिक संपत्ति में ओवरग्राउन्ड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और अनुरक्षण

8. सुविधा प्रदाता द्वारा आवेदन.-(1) किसी सार्वजनिक संपत्ति में भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, संचालन या रखरखाव के प्रयोजन के लिए मार्ग का अधिकार मांगने वाला सुविधा प्रदाता, संबंधित सार्वजनिक इकाई, जिसके पास ऐसी सार्वजनिक संपत्ति पर स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन है, द्वारा पोर्टल पर दिए गए प्रारूप और रीति से आवेदन के साथ ही उप-नियम (3) के अधीन विनिर्दिष्ट सहायक दस्तावेज भी प्रस्तुत करेगा।

(2) जहाँ सुविधा प्रदाता को उप-नियम (1) के अधीन आवेदन करने के लिए सर्वेक्षण कराने की अपेक्षा होती है, तो:

(क) सुविधा प्रदाता ऐसे सर्वेक्षण के संचालन की अनुमति के लिए सार्वजनिक इकाई द्वारा पोर्टल पर दिए गए प्रारूप और रीति से आवेदन प्रस्तुत करेगा; और

(ख) सार्वजनिक इकाई ऐसे आवेदन की प्राप्ति की तारीख से सात दिनों के भीतर ऐसे सर्वेक्षण के लिए अनुमति प्रदान करेगी और ऐसी अनुमति प्रदान करने के लिए सुविधा प्रदाता से, अनुसूची के भाग-1 में यथाविनिर्दिष्ट, कोई शुल्क नहीं लेगी।

(3) उप-नियम (1) के अधीन किए गए आवेदन में सुविधा प्रदाता द्वारा पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सूचना के साथ सहायक दस्तावेज सम्मिलित होंगे-

(क) दूरसंचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44) के अधीन प्राधिकार की एक प्रति या केंद्रीय सरकार द्वारा भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 (1885 का 13) के अधीन दिए गए अनुज्ञप्ति या ऐसे प्राधिकार अथवा अनुज्ञप्ति से छूट, जैसा भी मामला हो;

(ख) स्थापित किए जाने के लिए प्रस्तावित पोस्ट, मोबाइल टावर, पोर्टेबल दूरसंचार अवसंरचना या अन्य भूमि के ऊपर के उपकरणों की प्रकृति और सही अक्षांश एवं देशांतर सहित स्थान का विवरण;

(ग) ओवरग्राउन्ड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए आवश्यक भूमि या फर्श क्षेत्र की सीमा का विवरण;

(घ) ओवरग्राउन्ड दूरसंचार लाइन के लिए रूट प्लान का विवरण, यदि कोई हो;

(ङ) भवन या संरचना या स्थान का विवरण जहां ओवरग्राउन्ड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना प्रस्तावित है;

(च) रेडियो तरंगों या हर्ट्ज़ियन तरंगों के प्रसारण के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रस्तावित भूमि के ऊपर साधनों के स्थान के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा जारी अनुमोदन की प्रति;

(छ) कार्य के निष्पादन की विधि और अनुमानित समयावधि का विवरण;

(ज) सर्वसाधारण को होने वाली असुविधा का विवरण और ऐसी असुविधा को कम करने के लिए उठाए जाने वाले विशिष्ट उपाय;

(झ) कार्य के निष्पादन के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित विशिष्ट उपायों का विवरण;

(ञ) ऐसे नेटवर्क को संचालित करने और जारी रखने के लिए स्थापित किए जाने वाले दूरसंचार नेटवर्क तक पहुंच के लिए सुविधा प्रदाता की आवश्यकताओं का विवरण;

(ट) पोस्ट या भूमि के ऊपर के अन्य उपकरणों के तकनीकी डिजाइन और रेखाचित्रों का विवरण;

(ठ) जहां लागू हो,सार्वजनिक इकाई द्वारा अधिकृत संरचनात्मक इंजीनियर द्वारा तकनीकी डिजाइन के प्रमाणीकरण की एक प्रति, जो ओवरग्राउन्ड दूरसंचार नेटवर्क की संरचनात्मक सुरक्षा को प्रमाणित करती हो;

(ड) जहां लागू हो,सार्वजनिक इकाई द्वारा अधिकृत संरचनात्मक इंजीनियर द्वारा प्रमाणीकरण की एक प्रति, जो उस भवन की संरचनात्मक सुरक्षा को प्रमाणित करती हो जिस भवन पर यदि पोस्ट या भूमि के ऊपर के अन्य उपकरण स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है;

(ढ) किए गए आवेदन के संबंध में सूचना के प्रयोजनों के लिए सुविधा प्रदाता के कर्मचारियों के नाम और संपर्क विवरण;

(ण) सुविधा प्रदाता की राय में, प्रस्तावित कार्य से संबंधित किसी अन्य प्रासंगिक मामले का विवरण;

परंतु मार्ग के अधिकार केवल ओवरग्राउंड दूरसंचार लाइन की स्थापना से संबंधित होने पर खंड (ख), (ग), (ङ), (च), (ट), (ठ) और (ड) में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों की अपेक्षा नहीं होगी;

(4) उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ शुल्क का भुक्तान किया जायेगा जैसा कि अनुसूची के भाग-1 में विनिर्दिष्ट किया गया है:

परंतु केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किसी परियोजना से संबंधित किसी भी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क से संबंधित मार्ग के अधिकार के लिए कोई शुल्क, प्रभार, किराया, वार्षिकी या किसी भी रूप में कोई अन्य वित्तीय लेवी या अंशदान या क्षतिपूर्ति लागू नहीं होगा।

9. सार्वजनिक इकाई द्वारा अनुमति प्रदान करना -(1) नियम 8 के उप नियम (1) अधीन प्राप्त आवेदन की जांच करने पर, सार्वजनिक इकाई :

(क) ऐसे आवेदन की प्राप्ति के तीस दिनों की अवधि के भीतर, पोर्टल के माध्यम से स्पष्टीकरण अथवा अतिरिक्त दस्तावेज मांग सकती है, जैसा कि अपेक्षित हो:

परंतु सार्वजनिक इकाई ऐसे सभी स्पष्टीकरण और अतिरिक्त दस्तावेज, यदि कोई हो, एक समेकित मांगपत्र में मांगेगी;और

(ख) आवेदन प्राप्त होने की तारीख से सड़सठ दिवस की अवधि के भीतर अनुमति प्रदान करेगा या उप-नियम (3) और उप-नियम (4) में निर्दिष्ट रीति से आगे की कार्रवाई करेगा।

(2) सार्वजनिक इकाई द्वारा दी गई अनुमति में:

(क) यह सुनिश्चित करना कि स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क जिसके लिए मार्ग के अधिकार की स्वीकृति दी गई है, के क्षेत्र में दूरसंचार नेटवर्क और सहायक अवसंरचना द्वारा अधिगृहीत क्षेत्र सम्मिलित होगा।

स्पष्टीकरण : संदेह दूर करने के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि:

जब मोबाइल टावर के लिए अनुमति मिल गई हो,तो ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क के क्षेत्र में बेस ट्रांसीवर स्टेशन, इंजन अल्टरनेटर सहित मोबाइल टावर के साथ साथ भूतल पर ऐसे सहायक अवसंरचना सम्मिलित होंगे।

(ख) सार्वजनिक इकाई द्वारा अनुसूची के भाग-3 के अनुसार निर्धारित सुविधा प्रदाता द्वारा भुगतान की जाने वाली मुआवजे की राशि विनिर्दिष्ट करना; और

(ग) सार्वजनिक असुविधा को कम करने अथवा ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की संरचनात्मक सुरक्षा सहित सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए समय और उपाय के साथ-साथ मार्ग के अधिकार के निष्पादन की रीति और इस प्रकार स्थापित दूरसंचार नेटवर्क के प्रचालन और अनुरक्षण की आवश्यकताओं से संबंधित शर्तों के साथ अन्य शर्तों को विनिर्दिष्ट किया जाएगा:

परंतु यह भी कि सार्वजनिक इकाई नियम (8) के उप-नियम (3) के खण्ड (छ) के अधीन सुविधा प्रदाता द्वारा विनिर्दिष्ट निष्पादन की रीति पर सम्यक विचार करेगी।

(3) जहाँ सार्वजनिक इकाई के पास मार्ग के अधिकार की अनुमति को अस्वीकृत करने के कारण हैं तो वह आवेदन प्राप्त होने के पैंतालीस दिनों के भीतर ऐसे कारणों को पोर्टल पर अपलोड करेगी और सुविधा प्रदाता पंद्रह दिनों के भीतर पोर्टल पर ऐसे कारणों पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

(4) सार्वजनिक इकाई उप-नियम (3) के अधीन सुविधा प्रदाता के उत्तर पर विचार करने के पश्चात मार्ग के अधिकार के लिए आवेदन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का विनिश्चय लेगी और इस विनिश्चय को पोर्टल पर सात दिनों की अवधि के भीतर अपलोड किया जाएगा।

परंतु मार्गाधिकार की अनुमति को अस्वीकृत करने वाले किसी भी विनिश्चय में अस्वीकृति के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाएगा।

(5) सार्वजनिक इकाई द्वारा अनुमति अस्वीकृत किए जाने पर सार्वजनिक इकाई नियम 8 के उप-नियम (4) के अंतर्गत भुगतान किए गए शुल्क का नब्बे प्रतिशत अस्वीकृति की तारीख से पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर सुविधा प्रदाता को वापस करेगी।

(6) यदि सार्वजनिक इकाई इस नियम के अंतर्गत विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर अनुमति देने या अस्वीकार करने में विफल रहती है तो अनुमति प्रदान की गई मानी जाएगी और यह प्रणाली जनित अनुमति स्वचालित रूप से पोर्टल पर अपलोड हो जाएगी।

(7) सार्वजनिक इकाई उप-नियम (6) के अधीन प्रदान की गई अनुमति के मामलों में सात दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल के माध्यम से ऐसी प्रदान की गई प्रणाली जनित अनुमति की निबंधन और शर्तें तैयार करेगी जो उपनियम (2) के सिद्धांतों पर आधारित होगी ।

(8) सुविधा प्रदाता भूमि के ओवरग्राउंड अवसंरचना स्थापित करने के परिणामस्वरूप सार्वजनिक संपत्ति की किसी भी क्षति के लिए पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर मुआवजा देगा जो अनुसूची के भाग-2 में विनिर्दिष्ट राशि से अधिक नहीं होगी।

(9) सार्वजनिक इकाई, इन नियमों के अन्तर्गत अनुमत के अतिरिक्त, ओवरग्राउन्ड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए किसी भी रूप में कोई शुल्क, प्रभार, किराया, वार्षिकी या मुआवजा या प्रवेश शुल्क नहीं लगाएगी या किसी भी रूप में कोई बैंक गारंटी या कोई अन्य वित्तीय अंशदान नहीं लेगी।

(10) इस नियम के अधीन किसी अनुमति के अनुसरण में कार्यों के निष्पादन के लिए विनिर्दिष्ट समय-सीमा सार्वजनिक इकाई द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किसी *अप्रत्याशित घटना* की अवधि तक बढ़ाई जाएगी।

10. अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना-(1) जहाँ सुविधा प्रदाता द्वारा प्रचालित और अनुरक्षित किसी विद्यमान ओवरग्राउन्ड या भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क को किसी भी कारण से कोई क्षति पहुंचती है तो ऐसे सुविधा प्रदाता दूरसंचार सेवाओं की शीघ्र पुनर्स्थापना के प्रयोजन से सार्वजनिक संपत्ति पर अस्थायी रूप से ओवरग्राउन्ड दूरसंचार नेटवर्क स्थापित करेगा जिसके लिए वह पोर्टल के माध्यम से संबंधित सार्वजनिक इकाई जिसके पास ऐसी सार्वजनिक संपत्ति पर स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन है, को लिखित रूप में क्षति के विवरण सहित सूचना प्रदान करेगा।

परंतु किसी सार्वजनिक संपत्ति में ऐसे अस्थायी भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सार्वजनिक इकाई से अनुमति लेना अपेक्षित नहीं है।

(2) सुविधा प्रदाता प्रभावित ओवरग्राउंड या भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की पुनर्स्थापना साठ दिनों की अवधि के भीतर सुनिश्चित करेगा, परंतु सार्वजनिक इकाई को नुकसान की सूचना देने की तारीख से नब्बे दिनों के बाद नहीं।

(3) जहां केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार, सार्वजनिक हित में या विशेष सार्वजनिक आयोजनों के मामले में अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना की आवश्यकता निर्धारित करती है तो वह निर्देश जारी करेगी:

(क) ऐसे अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए प्राधिकृत इकाई को निम्नलिखित के संबंध में विवरण के साथ:

(i) ऐसे अपेक्षित दूरसंचार नेटवर्क का प्रकार;

(ii) सार्वजनिक इकाई द्वारा उपलब्ध कराया गया इसका स्थान; और

(iii) वह अवधि जिसके लिए ऐसे अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क को जारी रखा जाना आवश्यक है; और

(ख) संबंधित सार्वजनिक इकाई को:

(i) उस सार्वजनिक संपत्ति की पहचान करने के लिए जिस पर ऐसे अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना की जा सकती है; और

(ii) ऐसे निर्देशों में विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर सुविधा प्रदाता को आवश्यक मार्ग के अधिकार की अनुमति प्रदान करना।

(4) प्राधिकृत इकाई और सार्वजनिक इकाई ऐसे अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना को आरम्भ करने के लिए उप-नियम (3) के अधीन विनिर्दिष्ट संबंधित निर्देशों का अनुपालन करेगी और सुविधा प्रदाता ऐसे निर्देशों के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के लिए इसे जारी रखेगा।

(5) यदि सुविधा प्रदाता उप-नियम (3) के अधीन निर्देशों के अनुसार स्थापित अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क का उपयोग ऐसे निर्देशों में विनिर्दिष्ट अवधि से अधिक करना चाहता है तो उसे ऐसे उपयोग के लिए सार्वजनिक इकाई की अनुमति लेनी होगी और नियम 8 एवं नियम 9 के उपबंध *यथोचित परिवर्तनों* सहित लागू होंगे।

(6) अनुसूची के भाग-3 में विनिर्दिष्ट अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सार्वजनिक इकाई द्वारा किसी भी रूप में कोई शुल्क प्रभार, किराया, वार्षिकी या कोई बैंक गारंटी या अन्य वित्तीय उद्ग्रहण या योगदान या मुआवजा नहीं लिया जाएगा।

11. स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर का उपयोग।-(1)किसी सार्वजनिक संपत्ति पर स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के प्रयोजन के लिए सुविधा प्रदाता अनुमति प्राप्त करने के लिए पोर्टल के माध्यम से संबंधित सार्वजनिक इकाई जिसके पास ऐसी सार्वजनिक संपत्ति पर स्वामित्व,नियंत्रण या प्रबंधन है, को आवेदन प्रस्तुत करेगा, जिसके साथ:

(क) दूरसंचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44) के अधीन प्राधिकरण की एक प्रति, या भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 (1885 का 13) के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा दिया गया अनुज्ञप्ति, या ऐसे प्राधिकरण या अनुज्ञप्ति से छूट, जैसा भी लागू हो;

(ख) स्ट्रीट फर्नीचर का विवरण; और

(ग) सार्वजनिक इकाई द्वारा प्राधिकृत संरचनात्मक इंजीनियर द्वारा सत्यापण की एक प्रति जो स्ट्रीट फर्नीचर की संरचनात्मक सुरक्षा को प्रमाणित करती है जिस पर छोटे सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना प्रस्तावित है।

(2) सुविधा प्रदाता,अपने विकल्प पर उप-नियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट जानकारी के साथ एकल या एकाधिक साइटों के लिए स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइनों की स्थापना के लिए पोर्टल के माध्यम से एकल आवेदन प्रस्तुत कर सकता है और सार्वजनिक इकाई ऐसे आवेदन प्राप्त होने पर एकल या एकाधिक,जैसा भी मामला हो,अनुमति जारी करेगा।

(3) अनुसूची के भाग-1 में यथा विनिर्दिष्ट उप-नियम (1) या उप-नियम (2) के अधीन आवेदन पर किसी भी रूप में कोई शुल्क,प्रभार, किराया, वार्षिकी या कोई अन्य वित्तीय उद्ग्रहण, बैंक गारंटी या अन्य वित्तीय अंशदान या मुआवजा नहीं लिया जाएगा।

(4) उप-नियम (1) या उप-नियम (2) के अधीन प्राप्त आवेदन की जांच करने पर, सार्वजनिक इकाई:

(क) ऐसे आवेदन की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर पोर्टल के माध्यम से कोई भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त दस्तावेज जैसा कि अपेक्षित हो कि मांग करें:

परंतु सार्वजनिक इकाई ऐसे सभी स्पष्टीकरण और अतिरिक्त दस्तावेज, यदि कोई हों, तो एक समेकित मांग में मांगेगी; और

(ख) आवेदन प्राप्त होने की तारीख से सड़सठ दिनों की अवधि के भीतर अनुमति दी जाएगी अथवा उप-नियम (5) और उप-नियम (6) में विनिर्दिष्ट रीति से कार्यवाही की जाएगी।

(5) यदि सार्वजनिक इकाई के पास उप-नियम (1) अथवा उप-नियम (2) के अधीन किए गए आवेदन को अस्वीकार करने का कारण है तो वह आवेदन प्राप्त होने की तारीख से पैंतालीस दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल पर ऐसे कारण अपलोड करेगी और सुविधा प्रदाता ऐसे कारणों के संदर्भ में पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल पर उत्तर दे सकता है।

(6) सार्वजनिक इकाई उप-नियम (5) के अधीन सुविधा प्रदाता के प्रत्युत्तर पर समुचित विचार करने के पश्चात् आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का विनिश्चय कर सकती है और उसे पोर्टल पर अपलोड कर सकती है:

परंतु अनुमति को अस्वीकार करने वाले किसी भी विनिश्चय में अस्वीकृति के कारणों को लिखित में दर्ज किया जाएगा।

(7) यदि सार्वजनिक इकाई उप-नियम (4) के अधीन अनुमति देने में विफल रहती है या उप-नियम (6) के अधीन आवेदन को अस्वीकार करती है तो ऐसा माना जाएगा कि अनुमति प्रदान कर दी गई है और ऐसे सिस्टम द्वारा सृजित मानद अनुमति स्वतः ही पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी;

(8) सार्वजनिक इकाई स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग के लिए अनुसूची के भाग-3 में विनिर्दिष्ट राशि सुविधा प्रदाता से मुआवजे के रूप में प्राप्त करने की हकदार होगी।

(9) सार्वजनिक इकाई अपने स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन के अधीन भवनों और अवसंरचनाओं या अन्य सार्वजनिक संपत्ति पर स्मॉल सेल की संस्थापना की भी अनुमति देगी और अनुसूची के भाग-3 में विनिर्दिष्टानुसार ऐसी संस्थापना के लिए कोई प्रशासनिक शुल्क या मुआवजा नहीं लेगी:

परंतु सार्वजनिक इकाई द्वारा ऐसे स्मॉल सेल के संबंध में बिजली की खपत और फिक्स्चर के संबंध में वास्तविक रूप से शुल्क लगाया जाएगा।

(10) सुविधा प्रदाता सार्वजनिक इकाई के विकल्प पर या तो स्मॉल सेल की संस्थापना के दौरान संपत्ति को हुए किसी भी नुकसान को पुनःस्थापित करेगा या पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर किसी भी ऐसे नुकसान के लिए मुआवजा देगा।

(11) इस नियम के अधीन दी गई किसी अनुमति के अनुसरण में कार्यों के निष्पादन के लिए विनिर्दिष्ट समय-सीमा सार्वजनिक इकाई द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किसी भी अप्रत्याशित घटना की अवधि तक बढ़ाई जाएगी।

अध्याय 4

सार्वजनिक संपत्ति पर भूमि के ऊपर और भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क दोनों के लिए लागू उपबंध

12. विशेष परियोजनाओं के लिए दूरसंचार नेटवर्क हेतु मार्ग का अधिकार- (1) केन्द्रीय सरकार लोकहित में दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए कतिपय परियोजनाओं को विशेष परियोजनाओं के रूप में अधिसूचित कर सकती है जिनके संबंध में मार्ग के अधिकार का अनुमोदन इस नियम द्वारा शासित होगा।

(2) नियम 7 के उप-नियम (1) अथवा नियम 9 के उप-नियम (1) अथवा नियम 11 के उप-नियम (4) में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी उप-नियम (1) के अधीन अधिसूचित विशेष परियोजना के संबंध में:

(क) नियम 6 के उप-नियम (1) के अधीन भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क अथवा नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना अथवा नियम 11 के उप-नियम (1) या उप-नियम (2) के अधीन स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए मार्ग के अधिकार के लिए आवेदन पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर स्वीकृत माना जाएगा और ऐसे सिस्टम द्वारा सृजनित मानद अनुमति स्वतः ही पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी;

(ख) नियम 6 के उप-नियम (1) अथवा नियम 8 के उप-नियम (1) अथवा उप-नियम (2) के अधीन आवेदनों के संबंध में सार्वजनिक इकाई ऐसे आवेदन की तारीख से सात दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल के माध्यम से ऐसे

मानद अनुमति के निबंधन और शर्तें तैयार करेगी जो उन्हीं सिद्धांतों पर आधारित होंगी जो नियम 7 के उप-नियम (2) अथवा नियम 9 के उप-नियम (2) के अधीन दी गई अनुमति होती जैसा भी मामला हो।

(3) सार्वजनिक इकाई इस नियम के अधीन विशेष परियोजनाओं के लिए दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन अथवा रखरखाव हेतु ऐसे एक्सेस के लिए कोई प्रभार, शुल्क, मुआवजा अथवा प्रवेश शुल्क नहीं लगाएगी अथवा किसी भी रूप में कोई अन्य वित्तीय सहायता नहीं मांगेगी।

(4) इस नियम के अधीन अन्यथा उपबंध के अलावा इन नियमों के अन्य सभी उपबंध उपनियम (1) के अनुसरण में अधिसूचित विशेष परियोजनाओं पर लागू होंगे।

13. कार्य के दौरान सुविधा प्रदाता के दायित्व - जहां किसी सुविधा प्रदाता को इन नियमों के अंतर्गत मार्ग का अधिकार दिया गया जाता है तो वहां ऐसे सुविधा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि:

(क) इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सभी राशियों का भुगतान और सार्वजनिक इकाई से प्राप्त अनुमति के निबंधनों और शर्तों का पालन-

(ख) भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क की अवसंरचनात्मक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उपायों सहित सार्वजनिक असुविधा को कम करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का कार्यान्वयन करना; और

(ग) ऐसे सुविधा प्रदाता द्वारा जिसमें केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थितिपरक आसूचना और अन्य उपयुक्त प्रौद्योगिकी के माध्यम से विनिर्दिष्ट तीव्रता पर अद्यतन की गई यथा विनिर्मित सूचना सहित स्थापित सभी भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क से संबंधित अद्यतन डिजिटल सूचना का रखरखाव जिसे पोर्टल के माध्यम से मांग किए जाने पर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किए गए नामित अधिकारी के साथ साझा और अद्यतन किया जाएगा।

14. **जारी कार्य के संबंध में सार्वजनिक इकाई की शक्तियां -** (1) सार्वजनिक इकाई अनुमति प्रदान करने की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सुविधा प्रदाता द्वारा कार्य के निष्पादन की निगरानी या निरीक्षण करने के प्रयोजनार्थ सार्वजनिक इकाई के किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकती है।

(2) संबंधित सार्वजनिक इकाई ऐसी निगरानी और निरीक्षण के आधार पर तथा पोर्टल के माध्यम से सुविधा प्रदाता को उचित नोटिस देने के पश्चात् लिखित में दर्ज करते हुए ऐसी अन्य उचित, सुसंगत और साक्ष्य-आधारित शर्तें निर्धारित कर सकती है जिन्हें वह उचित समझे।

(3) यदि सुविधा प्रदाता अनुमति प्रदान करने के लिए निबंधों और शर्तों के अनुसार किए जाने वाले अपेक्षित भुगतान नहीं करता है तथा ऐसी समाप्ति के लिए नोटिस जारी करने की तारीख से पंद्रह कैलेंडर दिनों की अवधि के भीतर भुगतान नहीं करता है तो सार्वजनिक इकाई को इस प्रकार दी गई अनुमति को समाप्त करने का अधिकार होगा।

(4) यदि सार्वजनिक इकाई इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि सुविधा प्रदाता ने उप-नियम (3) के अधीन विनिर्दिष्ट शर्तों के अलावा अनुमति प्रदान करने के किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है तो वह पोर्टल पर सुविधा प्रदाता को नोटिस अपलोड करेगी जिसमें उल्लंघन की गई कथित शर्तों को निर्दिष्ट किया जाएगा और पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर कारण मांगा जाएगा कि उप-नियम (5) के अधीन कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

(5) उप-नियम (4) के अंतर्गत सुविधा प्रदाता के उत्तर, यदि कोई हो, पर समुचित विचार करने के पश्चात् सार्वजनिक इकाई इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि मार्ग के अधिकार की अनुमति प्रदान करने की शर्त का उल्लंघन हुआ है तो वह सुविधा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत बैंक गारंटी, यदि कोई हो, को पूर्णतः या आंशिक रूप से भुना सकती है या सुविधा प्रदाता को दी गई अनुमति को वापस ले सकती है या दोनों कर सकती है जिसके कारण लिखित में दर्ज किए जाएंगे और पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

अध्याय 5

सार्वजनिक संपत्ति के अलावा संपत्ति में दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और रखरखाव

15. सार्वजनिक संपत्ति के अलावा अन्य संपत्ति में दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना - (1) कोई भी सुविधा प्रदाता जो अधिनियम की धारा 12 की उप-धारा (2) के अधीन विनिर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक संपत्ति के अलावा किसी अचल संपत्ति में प्रवेश करना चाहता है तो उसे पूर्व सहमति से ऐसा करना होगा तथा उस व्यक्ति के साथ करार करना होगा जिसके पास ऐसी संपत्ति का स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन है:

परंतु ऐसा व्यक्ति और सुविधा प्रदाता आपसी सहमति से यह विनिश्चय कर सकेंगे कि अधिनियम की धारा 14 की उप-धारा (3) के अनुसरण में रजिस्ट्री अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के उपबंधों के अंतर्गत करार को रजिस्ट्री कराना चाहता है या नहीं।

(2) उप-नियम (1) के अधीन करार में निम्नलिखित से संबंधित मामलों का उपबंध होगा:

(क) संपत्ति में सुविधा प्रदाता के प्रवेश का समय और तरीका और इस तरह के प्रवेश के लिए प्रदान की जाने वाली अग्रिम नोटिस, यदि कोई हो;

(ख) सुविधा प्रदाता द्वारा देय प्रतिफल;

(ग) संपत्ति को किसी भी तरह की क्षति होने की स्थिति में उठाए जाने वाले कदम जिसमें संपत्ति को उस स्थिति में बहाल करना सम्मिलित है जैसी वह ऐसे क्रियाकलापों के शुरू होने से पहले थी ऐसा न करने पर सुविधा प्रदाता को ऐसी क्षति के लिए पारस्परिक रूप से सहमति के आधार पर मुआवजा देना होगा; और

(घ) किसी भी असुविधा को कम करने और संरचनात्मक सुरक्षा सहित सुरक्षा बढ़ाने के उपायों के साथ-साथ स्थापित दूरसंचार नेटवर्क के रखरखाव से संबंधित उपायों सहित अन्य शर्तें विनिर्दिष्ट करना।

(3) कोई सार्वजनिक इकाई सार्वजनिक संपत्ति के अलावा अन्य किसी संपत्ति में दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और रखरखाव के लिए कोई शुल्क, प्रभार या मुआवजा नहीं लगाएगी।

(4) ऐसी संपत्ति पर मोबाइल टावर या पोल की संस्थापना, प्रचालन और रखरखाव के मामले में सुविधा प्रदाता ऐसी स्थापना संबंधी ऐसा कार्य शुरू करने से पहले पोर्टल पर इस प्रयोजन के लिए दिए गए प्रारूप में संबंधित सार्वजनिक इकाई को लिखित में जानकारी प्रस्तुत करेगा जिसमें उस भवन या संरचना का ब्यौरा सम्मिलित होगा जहां मोबाइल टावर या पोल की संस्थापना प्रस्तावित है और साथ ही सार्वजनिक इकाई द्वारा प्राधिकृत स्ट्रक्चरल इंजीनियर द्वारा प्रमाणीकरण की एक प्रति उपलब्ध कराई जाएगी जो उस भवन या संरचना की संरचनात्मक सुरक्षा को प्रमाणित करती है जहां मोबाइल टावर या पोल संस्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

16. सार्वजनिक हित में केंद्रीय सरकार द्वारा मार्ग के अधिकार की अनुमति देने की प्रक्रिया- (1) यदि कोई सुविधा प्रदाता नियम 15 के उप-नियम (1) के अधीन व्यक्ति के साथ किसी सहमति में विफल हो जाता है तो वह संबंधित दस्तावेजों द्वारा समर्थित पोर्टल के माध्यम से जिला कलेक्टर अथवा इस संबंध में केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचित अन्य प्राधिकृत अधिकारी को जिसके अधिकार क्षेत्र में संपत्ति स्थित है, यह निर्धारण करने के लिए अनुरोध प्रस्तुत कर सकता है कि क्या यह सार्वजनिक हित में ऐसे मार्ग के अधिकार के लिए आवश्यक है।

(2) उप-नियम (1) के अधीन अनुरोध प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर या अन्य प्राधिकृत अधिकारी जैसा भी मामला हो तीस दिनों के भीतर या:

(क) मार्ग के अधिकार की अनुमति के लिए अनुरोध को अस्वीकार कर देगा; अथवा

(ख) संबंधित संपत्ति पर स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन रखने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी करेगा जिसमें सुविधा प्रदाता द्वारा मांगे गए मार्ग के अधिकार की प्रकृति को विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) उप-नियम (2) के खंड (ख) के अधीन कोई भी नोटिस ऐसे व्यक्ति को संदेशवाहक द्वारा उसकी एक प्रति सौंपकर और उसकी दूसरी प्रति पर उसके हस्ताक्षर प्राप्त करके दिया जा सकता है।

(4) यदि ऐसी सूचना की तामील उप-नियम (3) के अधीन उचित रूप से संभव नहीं है तो ऐसी सूचना संबंधित व्यक्ति को पावती के साथ उसके ज्ञात निवास पर रजिस्ट्री डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जाएगी और ऐसे व्यक्ति को ऐसी रजिस्ट्री डाक या स्पीड पोस्ट की डिलीवरी उस पर ऐसी सूचना की तामील मानी जाएगी और यदि वह ऐसी रजिस्ट्री डाक या स्पीड पोस्ट को प्राप्त करने से इनकार करता है तो रजिस्ट्री डाक या स्पीड पोस्ट पर डाकघर के अधिकारी द्वारा की गई ऐसी इनकार की टिप्पणी उस व्यक्ति पर ऐसी सूचना की तामील मानी जाएगी।

(5) यदि ऐसी सूचना की तामील उप-नियम (3) और उप-नियम (4) के अधीन उचित रूप से संभव नहीं है तो ऐसी सूचना की विषय-वस्तु उस क्षेत्र या अधिकार क्षेत्र के व्यापक प्रसार वाले किसी प्रमुख समाचार-पत्र दोनों स्थानीय और अंग्रेजी में प्रकाशित की जाएगी जिसमें संबंधित व्यक्ति निवास करता है या व्यवसाय करता है या व्यक्तिगत रूप से लाभ के लिए काम करता है और ऐसा प्रकाशन को ऐसे व्यक्ति पर ऐसी सूचना की तामील मानी जाएगी।

(6) उप-नियम (2) के खंड (ख) में संदर्भित व्यक्ति उप-नियम (3) या उप-नियम (4) या उप-नियम (5) के अधीन नोटिस की तामील के पंद्रह कैलेंडर दिनों के भीतर जैसा भी मामला हो मार्ग के अधिकार या शर्तों के संबंध में चिंताओं और आपत्तियों के संबंध में जिनके अधीन मार्ग के अधिकार पर विचार किया जा सकता है के प्रयोजन के लिए प्रदान किए गए प्रारूप में लिखित रूप में जवाब देगा।

(7) जिला कलेक्टर या अन्य अभिनामित अधिकारी जैसा भी मामला हो उप-नियम (1) के अधीन आवेदन और उप-नियम (6) के अधीन उत्तर पर विचार करने के बाद लिखित आदेश द्वारा यह निर्धारित करेंगे कि दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और रखरखाव के लिए मार्ग के अधिकार को सार्वजनिक हित में अनुमति दी जानी है या नहीं:

परंतु इस तरह के निर्धारण की समय अवधि उप-नियम (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति की तारीख से साठ दिनों की अवधि से अधिक नहीं होगी।

(क) यह सुनिश्चित करना कि स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क जिसके लिए मार्ग के अधिकार की स्वीकृति दी गई है, के क्षेत्र में दूरसंचार नेटवर्क और सहायक अवसंरचना द्वारा अधिगृहीत क्षेत्र सम्मिलित होगा।

स्पष्टीकरण : संदेह दूर करने के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि:

जब मोबाइल टावर के लिए अनुमति मिल गई हो,तो ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क के क्षेत्र में बेस ट्रांसीवर स्टेशन, इंजन अल्टरनेटर सहित मोबाइल टावर के साथ साथ भूतल पर ऐसे सहायक अवसंरचना सम्मिलित होंगे।

(ख) सार्वजनिक इकाई द्वारा अनुसूची के भाग-3 के अनुसार निर्धारित सुविधा प्रदाता द्वारा भुगतान की जाने वाली मुआवजे की राशि विनिर्दिष्ट करना; और

(ग) सार्वजनिक असुविधा को कम करने अथवा ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की संरचनात्मक सुरक्षा सहित सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए समय और उपाय के साथ-साथ मार्ग के अधिकार के निष्पादन की रीति और इस प्रकार स्थापित दूरसंचार नेटवर्क के प्रचालन और अनुरक्षण की आवश्यकताओं से संबंधित शर्तों के साथ अन्य शर्तों को विनिर्दिष्ट किया जाएगा:

परंतु यह भी कि सार्वजनिक इकाई नियम (8) के उप-नियम (3) के खण्ड (छ) के अधीन सुविधा प्रदाता द्वारा विनिर्दिष्ट निष्पादन की रीति पर सम्यक विचार करेगी।

(3) जहाँ सार्वजनिक इकाई के पास मार्ग के अधिकार की अनुमति को अस्वीकृत करने के कारण हैं तो वह आवेदन प्राप्त होने के पैंतालीस दिनों के भीतर ऐसे कारणों को पोर्टल पर अपलोड करेगी और सुविधा प्रदाता पंद्रह दिनों के भीतर पोर्टल पर ऐसे कारणों पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

(4) सार्वजनिक इकाई उप-नियम (3) के अधीन सुविधा प्रदाता के उत्तर पर विचार करने के पश्चात मार्ग के अधिकार के लिए आवेदन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का विनिश्चय लेगी और इस विनिश्चय को पोर्टल पर सात दिनों की अवधि के भीतर अपलोड किया जाएगा।

परंतु मार्गाधिकार की अनुमति को अस्वीकृत करने वाले किसी भी विनिश्चय में अस्वीकृति के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाएगा।

(5) सार्वजनिक इकाई द्वारा अनुमति अस्वीकृत किए जाने पर सार्वजनिक इकाई नियम 8 के उप-नियम (4) के अंतर्गत भुगतान किए गए शुल्क का नब्बे प्रतिशत अस्वीकृति की तारीख से पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर सुविधा प्रदाता को वापस करेगी।

(6) यदि सार्वजनिक इकाई इस नियम के अंतर्गत विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर अनुमति देने या अस्वीकार करने में विफल रहती है तो अनुमति प्रदान की गई मानी जाएगी और यह प्रणाली जनित अनुमति स्वचालित रूप से पोर्टल पर अपलोड हो जाएगी।

(7) सार्वजनिक इकाई उप-नियम (6) के अधीन प्रदान की गई अनुमति के मामलों में सात दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल के माध्यम से ऐसी प्रदान की गई प्रणाली जनित अनुमति की निबंधन और शर्तें तैयार करेगी जो उपनियम (2) के सिद्धांतों पर आधारित होगी ।

(8) सुविधा प्रदाता भूमि के ओवरग्राउंड अवसंरचना स्थापित करने के परिणामस्वरूप सार्वजनिक संपत्ति की किसी भी क्षति के लिए पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर मुआवजा देगा जो अनुसूची के भाग-2 में विनिर्दिष्ट राशि से अधिक नहीं होगी।

(9) सार्वजनिक इकाई, इन नियमों के अन्तर्गत अनुमत के अतिरिक्त, ओवरग्राउन्ड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए किसी भी रूप में कोई शुल्क, प्रभार, किराया, वार्षिकी या मुआवजा या प्रवेश शुल्क नहीं लगाएगी या किसी भी रूप में कोई बैंक गारंटी या कोई अन्य वित्तीय अंशदान नहीं लेगी।

(10) इस नियम के अधीन किसी अनुमति के अनुसरण में कार्यों के निष्पादन के लिए विनिर्दिष्ट समय-सीमा सार्वजनिक इकाई द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किसी *अप्रत्याशित घटना* की अवधि तक बढ़ाई जाएगी।

10. अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना-(1) जहाँ सुविधा प्रदाता द्वारा प्रचालित और अनुरक्षित किसी विद्यमान ओवरग्राउन्ड या भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क को किसी भी कारण से कोई क्षति पहुंचती है तो ऐसे सुविधा प्रदाता दूरसंचार सेवाओं की शीघ्र पुनर्स्थापना के प्रयोजन से सार्वजनिक संपत्ति पर अस्थायी रूप से ओवरग्राउन्ड दूरसंचार नेटवर्क स्थापित करेगा जिसके लिए वह पोर्टल के माध्यम से संबंधित सार्वजनिक इकाई जिसके पास ऐसी सार्वजनिक संपत्ति पर स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन है, को लिखित रूप में क्षति के विवरण सहित सूचना प्रदान करेगा।

परंतु किसी सार्वजनिक संपत्ति में ऐसे अस्थायी भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सार्वजनिक इकाई से अनुमति लेना अपेक्षित नहीं है।

(2) सुविधा प्रदाता प्रभावित ओवरग्राउंड या भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की पुनर्स्थापना साठ दिनों की अवधि के भीतर सुनिश्चित करेगा, परंतु सार्वजनिक इकाई को नुकसान की सूचना देने की तारीख से नब्बे दिनों के बाद नहीं।

(3) जहां केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार, सार्वजनिक हित में या विशेष सार्वजनिक आयोजनों के मामले में अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना की आवश्यकता निर्धारित करती है तो वह निर्देश जारी करेगी:

(क) ऐसे अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए प्राधिकृत इकाई को निम्नलिखित के संबंध में विवरण के साथ:

(i) ऐसे अपेक्षित दूरसंचार नेटवर्क का प्रकार;

(ii) सार्वजनिक इकाई द्वारा उपलब्ध कराया गया इसका स्थान; और

(iii) वह अवधि जिसके लिए ऐसे अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क को जारी रखा जाना आवश्यक है; और

(ख) संबंधित सार्वजनिक इकाई को:

(i) उस सार्वजनिक संपत्ति की पहचान करने के लिए जिस पर ऐसे अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना की जा सकती है; और

(ii) ऐसे निर्देशों में विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर सुविधा प्रदाता को आवश्यक मार्ग के अधिकार की अनुमति प्रदान करना।

(4) प्राधिकृत इकाई और सार्वजनिक इकाई ऐसे अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना को आरम्भ करने के लिए उप-नियम (3) के अधीन विनिर्दिष्ट संबंधित निर्देशों का अनुपालन करेगी और सुविधा प्रदाता ऐसे निर्देशों के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के लिए इसे जारी रखेगा।

(5) यदि सुविधा प्रदाता उप-नियम (3) के अधीन निर्देशों के अनुसार स्थापित अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क का उपयोग ऐसे निर्देशों में विनिर्दिष्ट अवधि से अधिक करना चाहता है तो उसे ऐसे उपयोग के लिए सार्वजनिक इकाई की अनुमति लेनी होगी और नियम 8 एवं नियम 9 के उपबंध *यथोचित परिवर्तनों* सहित लागू होंगे।

(6) अनुसूची के भाग-3 में विनिर्दिष्ट अस्थायी ओवरग्राउंड दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए सार्वजनिक इकाई द्वारा किसी भी रूप में कोई शुल्क प्रभार, किराया, वार्षिकी या कोई बैंक गारंटी या अन्य वित्तीय उद्ग्रहण या योगदान या मुआवजा नहीं लिया जाएगा।

11. स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर का उपयोग।-(1)किसी सार्वजनिक संपत्ति पर स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के प्रयोजन के लिए सुविधा प्रदाता अनुमति प्राप्त करने के लिए पोर्टल के माध्यम से संबंधित सार्वजनिक इकाई जिसके पास ऐसी सार्वजनिक संपत्ति पर स्वामित्व,नियंत्रण या प्रबंधन है, को आवेदन प्रस्तुत करेगा, जिसके साथ:

(क) दूरसंचार अधिनियम, 2023 (2023 का 44) के अधीन प्राधिकरण की एक प्रति, या भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 (1885 का 13) के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा दिया गया अनुज्ञप्ति, या ऐसे प्राधिकरण या अनुज्ञप्ति से छूट, जैसा भी लागू हो;

(ख) स्ट्रीट फर्नीचर का विवरण; और

(ग) सार्वजनिक इकाई द्वारा प्राधिकृत संरचनात्मक इंजीनियर द्वारा सत्यापण की एक प्रति जो स्ट्रीट फर्नीचर की संरचनात्मक सुरक्षा को प्रमाणित करती है जिस पर छोटे सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना प्रस्तावित है।

(2) सुविधा प्रदाता,अपने विकल्प पर उप-नियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट जानकारी के साथ एकल या एकाधिक साइटों के लिए स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइनों की स्थापना के लिए पोर्टल के माध्यम से एकल आवेदन प्रस्तुत कर सकता है और सार्वजनिक इकाई ऐसे आवेदन प्राप्त होने पर एकल या एकाधिक,जैसा भी मामला हो,अनुमति जारी करेगा।

(3) अनुसूची के भाग-1 में यथा विनिर्दिष्ट उप-नियम (1) या उप-नियम (2) के अधीन आवेदन पर किसी भी रूप में कोई शुल्क,प्रभार, किराया, वार्षिकी या कोई अन्य वित्तीय उद्ग्रहण, बैंक गारंटी या अन्य वित्तीय अंशदान या मुआवजा नहीं लिया जाएगा।

(4) उप-नियम (1) या उप-नियम (2) के अधीन प्राप्त आवेदन की जांच करने पर, सार्वजनिक इकाई:

(क) ऐसे आवेदन की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर पोर्टल के माध्यम से कोई भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त दस्तावेज जैसा कि अपेक्षित हो कि मांग करें:

परंतु सार्वजनिक इकाई ऐसे सभी स्पष्टीकरण और अतिरिक्त दस्तावेज, यदि कोई हों, तो एक समेकित मांग में मांगेगी; और

(ख) आवेदन प्राप्त होने की तारीख से सड़सठ दिनों की अवधि के भीतर अनुमति दी जाएगी अथवा उप-नियम (5) और उप-नियम (6) में विनिर्दिष्ट रीति से कार्यवाही की जाएगी।

(5) यदि सार्वजनिक इकाई के पास उप-नियम (1) अथवा उप-नियम (2) के अधीन किए गए आवेदन को अस्वीकार करने का कारण है तो वह आवेदन प्राप्त होने की तारीख से पैंतालीस दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल पर ऐसे कारण अपलोड करेगी और सुविधा प्रदाता ऐसे कारणों के संदर्भ में पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल पर उत्तर दे सकता है।

(6) सार्वजनिक इकाई उप-नियम (5) के अधीन सुविधा प्रदाता के प्रत्युत्तर पर समुचित विचार करने के पश्चात् आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का विनिश्चय कर सकती है और उसे पोर्टल पर अपलोड कर सकती है:

परंतु अनुमति को अस्वीकार करने वाले किसी भी विनिश्चय में अस्वीकृति के कारणों को लिखित में दर्ज किया जाएगा।

(7) यदि सार्वजनिक इकाई उप-नियम (4) के अधीन अनुमति देने में विफल रहती है या उप-नियम (6) के अधीन आवेदन को अस्वीकार करती है तो ऐसा माना जाएगा कि अनुमति प्रदान कर दी गई है और ऐसे सिस्टम द्वारा सृजित मानद अनुमति स्वतः ही पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी;

(8) सार्वजनिक इकाई स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग के लिए अनुसूची के भाग-3 में विनिर्दिष्ट राशि सुविधा प्रदाता से मुआवजे के रूप में प्राप्त करने की हकदार होगी।

(9) सार्वजनिक इकाई अपने स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन के अधीन भवनों और अवसंरचनाओं या अन्य सार्वजनिक संपत्ति पर स्मॉल सेल की संस्थापना की भी अनुमति देगी और अनुसूची के भाग-3 में विनिर्दिष्टानुसार ऐसी संस्थापना के लिए कोई प्रशासनिक शुल्क या मुआवजा नहीं लेगी:

परंतु सार्वजनिक इकाई द्वारा ऐसे स्मॉल सेल के संबंध में बिजली की खपत और फिक्स्चर के संबंध में वास्तविक रूप से शुल्क लगाया जाएगा।

(10) सुविधा प्रदाता सार्वजनिक इकाई के विकल्प पर या तो स्मॉल सेल की संस्थापना के दौरान संपत्ति को हुए किसी भी नुकसान को पुनःस्थापित करेगा या पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर किसी भी ऐसे नुकसान के लिए मुआवजा देगा।

(11) इस नियम के अधीन दी गई किसी अनुमति के अनुसरण में कार्यों के निष्पादन के लिए विनिर्दिष्ट समय-सीमा सार्वजनिक इकाई द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किसी भी अप्रत्याशित घटना की अवधि तक बढ़ाई जाएगी।

अध्याय 4

सार्वजनिक संपत्ति पर भूमि के ऊपर और भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क दोनों के लिए लागू उपबंध

12. विशेष परियोजनाओं के लिए दूरसंचार नेटवर्क हेतु मार्ग का अधिकार- (1) केन्द्रीय सरकार लोकहित में दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए कतिपय परियोजनाओं को विशेष परियोजनाओं के रूप में अधिसूचित कर सकती है जिनके संबंध में मार्ग के अधिकार का अनुमोदन इस नियम द्वारा शासित होगा।

(2) नियम 7 के उप-नियम (1) अथवा नियम 9 के उप-नियम (1) अथवा नियम 11 के उप-नियम (4) में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी उप-नियम (1) के अधीन अधिसूचित विशेष परियोजना के संबंध में:

(क) नियम 6 के उप-नियम (1) के अधीन भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क अथवा नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना अथवा नियम 11 के उप-नियम (1) या उप-नियम (2) के अधीन स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए मार्ग के अधिकार के लिए आवेदन पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर स्वीकृत माना जाएगा और ऐसे सिस्टम द्वारा सृजनित मानद अनुमति स्वतः ही पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी;

(ख) नियम 6 के उप-नियम (1) अथवा नियम 8 के उप-नियम (1) अथवा उप-नियम (2) के अधीन आवेदनों के संबंध में सार्वजनिक इकाई ऐसे आवेदन की तारीख से सात दिनों की अवधि के भीतर पोर्टल के माध्यम से ऐसे

मानद अनुमति के निबंधन और शर्तें तैयार करेगी जो उन्हीं सिद्धांतों पर आधारित होंगी जो नियम 7 के उप-नियम (2) अथवा नियम 9 के उप-नियम (2) के अधीन दी गई अनुमति होती जैसा भी मामला हो।

(3) सार्वजनिक इकाई इस नियम के अधीन विशेष परियोजनाओं के लिए दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन अथवा रखरखाव हेतु ऐसे एक्सेस के लिए कोई प्रभार, शुल्क, मुआवजा अथवा प्रवेश शुल्क नहीं लगाएगी अथवा किसी भी रूप में कोई अन्य वित्तीय सहायता नहीं मांगेगी।

(4) इस नियम के अधीन अन्यथा उपबंध के अलावा इन नियमों के अन्य सभी उपबंध उपनियम (1) के अनुसरण में अधिसूचित विशेष परियोजनाओं पर लागू होंगे।

13. कार्य के दौरान सुविधा प्रदाता के दायित्व - जहां किसी सुविधा प्रदाता को इन नियमों के अंतर्गत मार्ग का अधिकार दिया गया जाता है तो वहां ऐसे सुविधा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि:

(क) इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सभी राशियों का भुगतान और सार्वजनिक इकाई से प्राप्त अनुमति के निबंधनों और शर्तों का पालन-

(ख) भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क की अवसंरचनात्मक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उपायों सहित सार्वजनिक असुविधा को कम करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का कार्यान्वयन करना; और

(ग) ऐसे सुविधा प्रदाता द्वारा जिसमें केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थितिपरक आसूचना और अन्य उपयुक्त प्रौद्योगिकी के माध्यम से विनिर्दिष्ट तीव्रता पर अद्यतन की गई यथा विनिर्मित सूचना सहित स्थापित सभी भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क से संबंधित अद्यतन डिजिटल सूचना का रखरखाव जिसे पोर्टल के माध्यम से मांग किए जाने पर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किए गए नामित अधिकारी के साथ साझा और अद्यतन किया जाएगा।

14. **जारी कार्य के संबंध में सार्वजनिक इकाई की शक्तियां -** (1) सार्वजनिक इकाई अनुमति प्रदान करने की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सुविधा प्रदाता द्वारा कार्य के निष्पादन की निगरानी या निरीक्षण करने के प्रयोजनार्थ सार्वजनिक इकाई के किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकती है।

(2) संबंधित सार्वजनिक इकाई ऐसी निगरानी और निरीक्षण के आधार पर तथा पोर्टल के माध्यम से सुविधा प्रदाता को उचित नोटिस देने के पश्चात् लिखित में दर्ज करते हुए ऐसी अन्य उचित, सुसंगत और साक्ष्य-आधारित शर्तें निर्धारित कर सकती है जिन्हें वह उचित समझे।

(3) यदि सुविधा प्रदाता अनुमति प्रदान करने के लिए निबंधों और शर्तों के अनुसार किए जाने वाले अपेक्षित भुगतान नहीं करता है तथा ऐसी समाप्ति के लिए नोटिस जारी करने की तारीख से पंद्रह कैलेंडर दिनों की अवधि के भीतर भुगतान नहीं करता है तो सार्वजनिक इकाई को इस प्रकार दी गई अनुमति को समाप्त करने का अधिकार होगा।

(4) यदि सार्वजनिक इकाई इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि सुविधा प्रदाता ने उप-नियम (3) के अधीन विनिर्दिष्ट शर्तों के अलावा अनुमति प्रदान करने के किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है तो वह पोर्टल पर सुविधा प्रदाता को नोटिस अपलोड करेगी जिसमें उल्लंघन की गई कथित शर्तों को निर्दिष्ट किया जाएगा और पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर कारण मांगा जाएगा कि उप-नियम (5) के अधीन कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

(5) उप-नियम (4) के अंतर्गत सुविधा प्रदाता के उत्तर, यदि कोई हो, पर समुचित विचार करने के पश्चात् सार्वजनिक इकाई इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि मार्ग के अधिकार की अनुमति प्रदान करने की शर्त का उल्लंघन हुआ है तो वह सुविधा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत बैंक गारंटी, यदि कोई हो, को पूर्णतः या आंशिक रूप से भुना सकती है या सुविधा प्रदाता को दी गई अनुमति को वापस ले सकती है या दोनों कर सकती है जिसके कारण लिखित में दर्ज किए जाएंगे और पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

अध्याय 5

सार्वजनिक संपत्ति के अलावा संपत्ति में दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और रखरखाव

15. सार्वजनिक संपत्ति के अलावा अन्य संपत्ति में दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना - (1) कोई भी सुविधा प्रदाता जो अधिनियम की धारा 12 की उप-धारा (2) के अधीन विनिर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक संपत्ति के अलावा किसी अचल संपत्ति में प्रवेश करना चाहता है तो उसे पूर्व सहमति से ऐसा करना होगा तथा उस व्यक्ति के साथ करार करना होगा जिसके पास ऐसी संपत्ति का स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन है:

परंतु ऐसा व्यक्ति और सुविधा प्रदाता आपसी सहमति से यह विनिश्चय कर सकेंगे कि अधिनियम की धारा 14 की उप-धारा (3) के अनुसरण में रजिस्ट्री अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के उपबंधों के अंतर्गत करार को रजिस्ट्री कराना चाहता है या नहीं।

(2) उप-नियम (1) के अधीन करार में निम्नलिखित से संबंधित मामलों का उपबंध होगा:

(क) संपत्ति में सुविधा प्रदाता के प्रवेश का समय और तरीका और इस तरह के प्रवेश के लिए प्रदान की जाने वाली अग्रिम नोटिस, यदि कोई हो;

(ख) सुविधा प्रदाता द्वारा देय प्रतिफल;

(ग) संपत्ति को किसी भी तरह की क्षति होने की स्थिति में उठाए जाने वाले कदम जिसमें संपत्ति को उस स्थिति में बहाल करना सम्मिलित है जैसी वह ऐसे क्रियाकलापों के शुरू होने से पहले थी ऐसा न करने पर सुविधा प्रदाता को ऐसी क्षति के लिए पारस्परिक रूप से सहमति के आधार पर मुआवजा देना होगा; और

(घ) किसी भी असुविधा को कम करने और संरचनात्मक सुरक्षा सहित सुरक्षा बढ़ाने के उपायों के साथ-साथ स्थापित दूरसंचार नेटवर्क के रखरखाव से संबंधित उपायों सहित अन्य शर्तें विनिर्दिष्ट करना।

(3) कोई सार्वजनिक इकाई सार्वजनिक संपत्ति के अलावा अन्य किसी संपत्ति में दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और रखरखाव के लिए कोई शुल्क, प्रभार या मुआवजा नहीं लगाएगी।

(4) ऐसी संपत्ति पर मोबाइल टावर या पोल की संस्थापना, प्रचालन और रखरखाव के मामले में सुविधा प्रदाता ऐसी स्थापना संबंधी ऐसा कार्य शुरू करने से पहले पोर्टल पर इस प्रयोजन के लिए दिए गए प्रारूप में संबंधित सार्वजनिक इकाई को लिखित में जानकारी प्रस्तुत करेगा जिसमें उस भवन या संरचना का ब्यौरा सम्मिलित होगा जहां मोबाइल टावर या पोल की संस्थापना प्रस्तावित है और साथ ही सार्वजनिक इकाई द्वारा प्राधिकृत स्ट्रक्चरल इंजीनियर द्वारा प्रमाणीकरण की एक प्रति उपलब्ध कराई जाएगी जो उस भवन या संरचना की संरचनात्मक सुरक्षा को प्रमाणित करती है जहां मोबाइल टावर या पोल संस्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

16. सार्वजनिक हित में केंद्रीय सरकार द्वारा मार्ग के अधिकार की अनुमति देने की प्रक्रिया- (1) यदि कोई सुविधा प्रदाता नियम 15 के उप-नियम (1) के अधीन व्यक्ति के साथ किसी सहमति में विफल हो जाता है तो वह संबंधित दस्तावेजों द्वारा समर्थित पोर्टल के माध्यम से जिला कलेक्टर अथवा इस संबंध में केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचित अन्य प्राधिकृत अधिकारी को जिसके अधिकार क्षेत्र में संपत्ति स्थित है, यह निर्धारण करने के लिए अनुरोध प्रस्तुत कर सकता है कि क्या यह सार्वजनिक हित में ऐसे मार्ग के अधिकार के लिए आवश्यक है।

(2) उप-नियम (1) के अधीन अनुरोध प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर या अन्य प्राधिकृत अधिकारी जैसा भी मामला हो तीस दिनों के भीतर या:

(क) मार्ग के अधिकार की अनुमति के लिए अनुरोध को अस्वीकार कर देगा; अथवा

(ख) संबंधित संपत्ति पर स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन रखने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी करेगा जिसमें सुविधा प्रदाता द्वारा मांगे गए मार्ग के अधिकार की प्रकृति को विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) उप-नियम (2) के खंड (ख) के अधीन कोई भी नोटिस ऐसे व्यक्ति को संदेशवाहक द्वारा उसकी एक प्रति सौंपकर और उसकी दूसरी प्रति पर उसके हस्ताक्षर प्राप्त करके दिया जा सकता है।

(4) यदि ऐसी सूचना की तामील उप-नियम (3) के अधीन उचित रूप से संभव नहीं है तो ऐसी सूचना संबंधित व्यक्ति को पावती के साथ उसके ज्ञात निवास पर रजिस्ट्री डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जाएगी और ऐसे व्यक्ति को ऐसी रजिस्ट्री डाक या स्पीड पोस्ट की डिलीवरी उस पर ऐसी सूचना की तामील मानी जाएगी और यदि वह ऐसी रजिस्ट्री डाक या स्पीड पोस्ट को प्राप्त करने से इनकार करता है तो रजिस्ट्री डाक या स्पीड पोस्ट पर डाकघर के अधिकारी द्वारा की गई ऐसी इनकार की टिप्पणी उस व्यक्ति पर ऐसी सूचना की तामील मानी जाएगी।

(5) यदि ऐसी सूचना की तामील उप-नियम (3) और उप-नियम (4) के अधीन उचित रूप से संभव नहीं है तो ऐसी सूचना की विषय-वस्तु उस क्षेत्र या अधिकार क्षेत्र के व्यापक प्रसार वाले किसी प्रमुख समाचार-पत्र दोनों स्थानीय और अंग्रेजी में प्रकाशित की जाएगी जिसमें संबंधित व्यक्ति निवास करता है या व्यवसाय करता है या व्यक्तिगत रूप से लाभ के लिए काम करता है और ऐसा प्रकाशन को ऐसे व्यक्ति पर ऐसी सूचना की तामील मानी जाएगी।

(6) उप-नियम (2) के खंड (ख) में संदर्भित व्यक्ति उप-नियम (3) या उप-नियम (4) या उप-नियम (5) के अधीन नोटिस की तामील के पंद्रह कैलेंडर दिनों के भीतर जैसा भी मामला हो मार्ग के अधिकार या शर्तों के संबंध में चिंताओं और आपत्तियों के संबंध में जिनके अधीन मार्ग के अधिकार पर विचार किया जा सकता है के प्रयोजन के लिए प्रदान किए गए प्रारूप में लिखित रूप में जवाब देगा।

(7) जिला कलेक्टर या अन्य अभिनामित अधिकारी जैसा भी मामला हो उप-नियम (1) के अधीन आवेदन और उप-नियम (6) के अधीन उत्तर पर विचार करने के बाद लिखित आदेश द्वारा यह निर्धारित करेंगे कि दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, प्रचालन और रखरखाव के लिए मार्ग के अधिकार को सार्वजनिक हित में अनुमति दी जानी है या नहीं:

परंतु इस तरह के निर्धारण की समय अवधि उप-नियम (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति की तारीख से साठ दिनों की अवधि से अधिक नहीं होगी।

(8) उपनियम (7) में निर्दिष्ट मार्ग के अधिकार के लिए अनुमति प्रदान करने वाले आदेश में वे निबंधन व शर्तें निर्दिष्ट की जाएंगी जिनके अधीन ऐसी अनुमति प्रदान की जाएगी जिनमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं-

(क) वह क्षेत्र जिसके लिए मार्ग के अधिकार की अनुमति दी गई है और स्थापित किए जाने वाले दूरसंचार नेटवर्क की प्रकृति;

(ख) सुविधा प्रदाता द्वारा देय शुल्क और ऐसे भुगतान का समय और रीति;

(ग) दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के परिणामस्वरूप संपत्ति प्रचालन, अनुरक्षण, बहाल करने और किसी भी नुकसान की मरम्मत करने के लिए सुविधा प्रदाता के दायित्व अथवा ऐसी बहाली या मरम्मत करने में विफलता की स्थिति में देय मुआवजा; और

(घ) अन्य शर्तें जिनमें किसी भी असुविधा को कम करने के लिए समय और उपाय, अथवा सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने के उपाय, मार्ग के अधिकार के निष्पादन की रीति, और इस प्रकार स्थापित दूरसंचार नेटवर्क का रखरखाव सम्मिलित है।

अध्याय 6

सामान्य डक्ट और केबल कॉरिडोर

17. सामान्य डक्ट्स और केबल कॉरिडोर्स के ओपन एक्सेस के लिए निबंधन और शर्तें-

(1) जहां केन्द्रीय सरकार ने अधिनियम की धारा 15 के अधीन कोई अवसंरचना परियोजना या अवसंरचना परियोजनाओं के वर्ग को अधिसूचित किया है तो वहां ऐसी परियोजना पर स्वामित्व, नियंत्रण अथवा प्रबंधन रखने वाली सार्वजनिक इकाई सुविधा प्रदाताओं को ऐसी परियोजना में स्थापित ऐसे सामान्य डक्ट, कन्ड्यूट या केबल कॉरिडोर के माध्यम से दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के प्रयोजन के लिए आवेदन करने में समर्थ बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया उपलब्ध कराएगी।

(2) उपनियम (1) के अनुज्ञप्ति किसी भी आवेदन के साथ निम्नलिखित जानकारी संलग्न की जाएगी:

(क) दूरसंचार अधिनियम, 2023, अथवा भारतीय तार अधिनियम, 1885 के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा दिया गया अनुज्ञप्ति, अथवा ऐसे प्राधिकरण या अनुज्ञप्ति से छूट के अधीन प्राधिकरण की एक प्रति जो भी लागू हो जिसके संबंध में दूरसंचार नेटवर्क की आवश्यकता है;

(ख) बिछाए जाने वाले प्रस्तावित भूमिगत या भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क का ब्यौरा;

(ग) सुविधा प्रदाता की राय में प्रस्तावित कार्य से संबंधित किसी अन्य सुसंगत मामले का ब्यौरा; और

(घ) केंद्रीय सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेश के माध्यम से विनिर्दिष्ट किए गए कार्य या उससे संबंधित किसी अन्य मामले का विवरण।

(3) सार्वजनिक इकाई जो अवसंरचना परियोजना या अवसंरचना परियोजनाओं के समूह के लिए उत्तरदायी है, वह दूरसंचार नेटवर्क की संस्थापना के लिए ओपन एक्सेस के आधार पर अर्थात् गैर-भेदभावपूर्ण और नॉन-एक्सक्ल्युसिव सहित प्रचलित बाजार दरों और न्यूनतम पच्चीस वर्षों की अवधि में लागत वसूली के सिद्धांत के आधार पर शुल्क के भुगतान के अधीन ऐसे सामान्य डक्ट, कन्ड्यूट या केबल कॉरिडोर उपलब्ध कराएगी:

परंतु ऐसे शुल्क उस राशि से अधिक नहीं होंगे जो केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसी अवसंरचना परियोजना या अवसंरचना परियोजना के समूह के लिए अधिसूचित की जाती है।

अध्याय 7

विद्यमान दूरसंचार नेटवर्क से संबंधित अधिकार

18. हटाए जाने आदि की मांग करने का अधिकार-(1) जहां किसी संपत्ति पर स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन रखने वाला कोई व्यक्ति यह समझता है कि किसी सुविधा प्रदाता द्वारा उस संपत्ति पर संस्थापित भूमि के ऊपर या भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क को हटाना, पुनःस्थापित करना या परिवर्तित करना आवश्यक और समीचीन है तथा उचित कारण से ऐसा करना आवश्यक है तो वह सुविधा प्रदाता को एक नोटिस जारी करेगा जिसमें ऐसे दूरसंचार नेटवर्क को हटाने, पुनःस्थापित या परिवर्तित करने के कारणों को विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(2) उप-नियम (1) के अधीन नोटिस प्राप्त होने पर सुविधा प्रदाता तत्काल तथा तीस दिनों की अवधि के भीतर ऐसे व्यक्ति को दूरसंचार नेटवर्क को हटाने, पुनःस्थापना या परिवर्तन के लिए विस्तृत योजना तथा ऐसे कार्यों के लिए व्यय प्रस्तुत करेगा।

(3) ऐसे दूरसंचार नेटवर्क को हटाने, पुनःस्थापित करने या बदलने की लागत सहित उत्तरदायित्व और दायित्व सुविधा प्रदाता द्वारा वहन किया जाएगा;

परंतु उप-नियम (1) के अधीन आवेदन करने वाला व्यक्ति ऐसे खर्चों को उस मुआवजे से यदि कोई हो चुकाएगा जो ऐसे व्यक्ति ने अधिनियम की धारा 11 की उप-धारा (6) के खंड (ख) या धारा 12 की उप-धारा (4) के अधीन सुविधा प्रदाता से प्राप्त किया हो।

(4) सुविधा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि इस नियम के अधीन ऐसे दूरसंचार नेटवर्क को हटाने, पुनःस्थापित या परिवर्तन से संबंधित कोई भी कार्य उप-नियम (1) के अधीन अनुरोध की तारीख से नब्बे कैलेंडर दिनों की अवधि के भीतर पूरा किया जाएगा।

19. किसी संपत्ति पर विधिक अधिकार के प्रयोग से निपटने की प्रक्रिया- (1) कोई भी व्यक्ति जो अपनी संपत्ति पर विधिक अधिकार का प्रयोग इस तरह से करना चाहता है जिससे अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के अनुसार विधिवत स्थापित किसी भी भूमि के ऊपर अथवा भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क को नुकसान, बाधा या हस्तक्षेप होने की संभावना हो तो वह पोर्टल पर ऐसे विधिक अधिकार के प्रयोग के संबंध में सूचना युक्त एक नोटिस अपलोड करेगा जिसमें निम्नलिखित विवरण सम्मिलित होंगे, अर्थात:

(क) ऐसा नोटिस देने वाले व्यक्ति का नाम, पता और सुसंगत संपर्क विवरण;

(ख) विधिक अधिकारों के प्रयोग के विवरण और स्थान के साथ-साथ आरंभ की तारीख और समय;

(ग) ऐसे व्यक्ति के अधिकारों के प्रयोग के लिए खुदाई या उत्खनन या अन्य कार्रवाई अपेक्षित क्यों है दूरसंचार नेटवर्क में हस्तक्षेप की संभावना और नियम 18 के अधीन कार्रवाई की आवश्यकता क्यों नहीं है; और

(घ) यदि कोई आपातस्थिति हो जिसके लिए शीघ्र प्रतिक्रिया की आवश्यकता हो।

(2) संपत्ति पर दूरसंचार नेटवर्क के प्रचालन और रखरखाव के लिए उत्तरदायित्व सुविधा प्रदाता उप-नियम (1) के अधीन व्यक्ति द्वारा नोटिस अपलोड करने पर, पोर्टल के माध्यम से ऐसी संपत्ति के अधीन या उसके ऊपर या उसके साथ आने वाले दूरसंचार नेटवर्क का विवरण प्रदान करेगा, साथ ही कार्य करने वाले व्यक्ति द्वारा दूरसंचार नेटवर्क को नुकसान से बचने के लिए निम्नलिखित समय-सीमा के भीतर अपेक्षित पूर्वावधानी उपाय लागू किए जाने की आवश्यकता है अर्थात्:

(क) जहां उप-नियम (1) के अधीन अपलोड किए गए नोटिस में कोई आपात स्थिति विनिर्दिष्ट की गई है वहां चौबीस घंटे से अधिक की अवधि नहीं होगी; या

(ख) अन्य सभी परिस्थितियों में उप-नियम (1) के अधीन नोटिस अपलोड करने की तारीख से सात कैलेंडर दिन की अवधि।

(3) इस नियम के अधीन विधिक अधिकारों का प्रयोग करने वाला व्यक्ति उप-नियम (2) के अधीन सुविधा प्रदाता द्वारा यथा विनिर्दिष्ट सभी एहतियाती उपायों को लागू करेगा।

(4) उप-नियम (1) के अधीन यदि कोई सुविधा-प्रदाता उप-नियम (2) के अधीन विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर नोटिस का उत्तर नहीं देता है, ऐसा नोटिस अपलोड करने वाला व्यक्ति दूरसंचार नेटवर्क के संबंध में यथोचित सावधानी के साथ विधिक अधिकारों का प्रयोग करेगा जिसके ऐसे अधिकारों के प्रयोग से प्रभावित होने की संभावना है।

20. नियम 19 के अधीन की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप दूरसंचार नेटवर्क को नुकसान –

(1) नियम 19 के उप-नियम (4) के उपबंधों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना कोई भी व्यक्ति जो उक्त नियम के अधीन विधिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों के अनुसार विधिवत रूप से स्थापित भूमि या भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क को नुकसान पहुंचाता है, सुविधा प्रदाता को ऐसी क्षति के लिए मुआवजे का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(1)

(2) प्रभावित दूरसंचार नेटवर्क की मरम्मत और पुन: बहाली के लिए सुविधा प्रदाता द्वारा वहन किए गए व्यय के आधार पर उप-नियम (1) के अधीन क्षति के लिए मुआवजे की राशि की गणना की जाएगी।

(3) इस नियम के अधीन मुआवजे से संबंधित प्रत्येक विवाद का समाधान अधिनियम की धारा 18 की उप-धारा (2) के अनुसार किया जाएगा।

21. लागू कर, उपकर और उदग्रहण- अधिनियम की धारा 14 की उप-धारा (3) के उपबंध के अधीन होगी। इन नियमों के अधीन सार्वजनिक इकाई को देय कोई प्रभार वर्तमान में प्रवृत्त विधियों के अंतर्गत लागू करों, उपकरों और उदग्रहण के अतिरिक्त होगा।

22. निर्वचन:- स्पष्टता के प्रयोजन के लिए इन नियमों में प्रयुक्त अभिव्यक्ति "दिन" साधारण खंड अधिनियम, 1897, (1897 के 10) की धारा 10 के उपबंधों और परिसीमा अधिनियम, 1963 (1963 के 36) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, सभी सार्वजनिक अवकाश शामिल होंगे।

अनुसूची

[नियम 6 (2) (ख), 6 (4), 7 (8) (ख), 7 (9) (ख), 7 (11), 8 (2) (ख), 8 (4), 9 (2) (ख), 9 (8), 10 (6), 11 (3), 11 (8), और 11 (9)]

नियम	मद	राशि
(1)	(2)	(3)
भाग -1: आवेदनों की जांच के लिए शुल्क		
6(2)(ख)	भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क के सबंध में सर्वेक्षण करने के लिए आवेदन की जांच हेतु आवेदन शुल्क	शून्य।
6(4)	भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए आवेदन की जांच के लिए आवेदन शुल्क	भूमि पर अथवा समुद्री सीमाओं में सबमरीन केबलों सहित सभी भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क के लिए प्रति किलोमीटर एक हजार रूपये का एक मुश्त प्रभार।
8(2)(ख)	भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क के सबंध में सर्वेक्षण करने के लिए आवेदन की जांच हेतु आवेदन शुल्क	शून्य।
8(4)	भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के लिए आवेदन की जांच के लिए आवेदन शुल्क	एक मुश्त प्रभार का विवरण निम्नलिखित हैं: (क) मोबाइल टावर की स्थापना के लिए प्रति टावर दस हजार रुपये; (ख) भूमि के ऊपर दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए प्रति किलोमीटर एक हजार रुपये; और (ग) खंभे लगाने, स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइनों की संस्थापना के लिए शून्य।
11(3)	स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की संस्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग हेतु आवेदन की जांच के लिए आवेदन शुल्क	शून्य।
भाग-2 क्षति के लिए मुआवजा या पुन: स्थापन के लिए बैंक गारंटी		
7(8)(ख)	राज्य को संपत्ति की पुन: स्थापन के लिए मुआवजा क्योंकि यह भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की संस्थापना से पहले विद्यमान थी जहां सार्वजनिक इकाई द्वारा संपत्ति की पुन:स्थापन अपेक्षा नहीं है।	(क) यदि उस क्षेत्र के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई दर निर्धारित नहीं की गई हो तो उस क्षेत्र के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार या उस क्षेत्र के लिए राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर सार्वजनिक संपत्ति पुन:स्थापन करने के

नियम	मद	राशि
(1)	(2)	(3)
		लिए आवश्यक राशि; ख) खंड (क) में यथा संदर्भित दर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग या लोक निर्माण विभाग द्वारा उनके कार्य के लिए ली जाने वाली दर से अधिक नहीं होगी। परंतु होरिजेंटल डायरेक्शनल डिगिंग प्रक्रिया के माध्यम से भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क बिछाने के मामले में संपत्ति की पुन:स्थापना के लिए मुआवजा केवल गड्ढों वाले क्षेत्र तक सीमित होगा।
7(9)(ख)	भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना के मामले में निष्पादन के लिए सुरक्षा के रूप में बैंक गारंटी जहां सुविधा प्रदाता के लिए सार्वजनिक इकाई द्वारा नुकसान की भरपाई हेतु उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए वचनबद्ध निर्दिष्ट की गई है।	यदि उस क्षेत्र के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई दर निर्धारित नहीं की गई है तो उस क्षेत्र के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा उस क्षेत्र के लिए राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर सार्वजनिक संपत्ति को पुनर्स्थापित करने के लिए अपेक्षित राशि का बीस प्रतिशत होगी।
9(8)	राज्य को संपत्ति की पुन:स्थापना के लिए मुआवजा जैसा कि वह भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क से पहले विद्यमान थी।	क) यदि उस क्षेत्र के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई दर निर्धारित नहीं की गई है तो उस क्षेत्र के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार या उस क्षेत्र के लिए राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा विहित दर के अनुसार सार्वजनिक संपत्ति को पुनर्स्थापित करने के लिए अपेक्षित राशि। ख) खंड (क) के अंतर्गत संदर्भित दर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग या लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वयं के कार्य के लिए ली जाने वाली दर से अधिक नहीं होगी। ग) भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क के मामले में सुविधा प्रदाता स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की संस्थापना के लिए खंभो की स्थापना के मामले में संपत्ति को हुए नुकसान के लिए मुआवजा देगा।
भाग-3 मार्ग के अधिकार के लिए मुआवजा		
7(11)	भूमिगत दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना	शून्य।
9(2)(ख)	भूमि के ऊपर दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना	जहां दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना सार्वजनिक संपत्ति को किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग किए जाने की संभावना नहीं है सार्वजनिक संपत्ति के मूल्य के लिए मुआवजा या तो एक बार या वार्षिक ऐसी दरों पर मूल्यांकन किया जाता है जैसा कि सार्वजनिक इकाई सामान्य आदेश द्वारा निर्दिष्ट करें। परंतु अन्य सभी मामलों में और स्मॉल सेल और दूरसंचार

नियम	मद	राशि
(1)	(2)	(3)
		लाइन की संस्थापना के लिए खंभे लगाने के लिए क्षतिपूर्ति शून्य होगी।
10(6)	भूमि के ऊपर अस्थायी दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना	शून्य
11(8)	स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की संस्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर का उपयोग	क) स्मॉल सेल की संस्थापना के लिए: शहरी क्षेत्र के लिए प्रति वर्ष तीन सौ रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक स्ट्रीट फर्नीचर के लिए एक सौ पचास रुपये; और ख) दूरसंचार लाइन की संस्थापना के लिए: प्रत्येक स्ट्रीट फर्नीचर के लिए प्रति वर्ष एक सौ रुपये। परंतु सार्वजनिक इकाई खंड (क) और खंड (ख) के अधीन जैसा भी लागू हो सुविधा प्रदाता को विनिर्दिष्ट राशि के पांच गुना राशि के समतुल्य समेकित भुगतान के माध्यम से पांच वर्ष की अवधि के लिए अग्रिम रूप से वार्षिक शुल्क के भुगतान का विकल्प प्रदान करें।
11(9)	सार्वजनिक इकाईयों के स्वामित्व, नियंत्रण या प्रबंधन के अधीन भवन/ अवसंरचनाओं पर स्मॉल सेल की संस्थापना के लिए।	शून्य।

[फा. सं. 24-01/2024-यूबीबी]

देवेन्द्र कुमार राय, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF COMMUNICATIONS

(Department of Telecommunications)

NOTIFICATION

New Delhi, the 17th September, 2024

G.S.R. 576(E).— Whereas a draft of the Telecommunications (Right of Way) Rules, 2024, which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 11, read with sub-sections (5) and (6) of section 12, read with sub-section (2) of section 15, read with sub-sections (1) and (2) of section 17, read with clauses (n), (o), (p), (q), (r), and (s) of sub-section (2) of section 56 of the Telecommunications Act, 2023 (44 of 2023), was published as required by sub-section (1) of the section 56 of the said Act *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Communication, Department of Telecommunication number G.S.R. 373(E), dated the 9th July, 2024, in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, section 3, sub-section (i), dated the 10th July, 2024, inviting objections and suggestions from the persons likely to be affected thereby, before the expiry of the period of thirty days from the date on which the copies of the Official Gazette containing the said notification were made available to the public;

And whereas copies of the said Official Gazette were made available to the public on the 10th July, 2024

And whereas the objections and suggestions received from the public in respect of the said draft rules have been duly considered by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 11, read with sub-sections (5) and (6) of section 12, read with sub-section (2) of section 15, read with sub-sections (1) and (2) of section 17, read with clauses (n), (o), (p), (q), (r), and (s) of sub-section (2) of section 56 of the Telecommunications Act, 2023 (44 of 2023), and in supersession of the Indian Telegraph Right of Way Rules, 2016 and the Indian Telegraph (Infrastructure Safety) Rules, 2022, except as respects things done or omitted to be done before such supersession and without overriding the terms and conditions of existing permissions relating to right of way granted under those rules, which shall continue to apply till the date of expiry of such permissions, the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

CHAPTER I

PRELIMINARY

1. Short title and commencement.- (1) These rules may be called the Telecommunications (Right of Way) Rules, 2024.

(1)

(2) They shall come into force on the 1st day of January, 2025.

2. Definitions. – In these rules, unless the context otherwise requires, -

(a) "Act" means the Telecommunications Act, 2023 (44 of 2023);

(b) "common ducts" or "conduits" or "cable corridors" shall, either individually or collectively, mean any linear infrastructure of any size for housing utility lines including telecommunication lines;

(c) "designated officer" means an officer designated by the Central Government for the purposes of these rules;

(d) "duct" means a pipe, permanently lubricated or of any other kind, used as underground cable conduit for telecommunication line;

(e) "*force majeure* event" means and is limited to-
(i) war or hostilities;
(ii) major riots or civil commotion;
(iii)earthquake, flood, tempest, lightening or other natural physical disasters; and
(iv)restrictions imposed by the Central Government or State Governments;

(f) "mobile tower" means any above-ground contrivance, including that which may be dismantled and reassembled at another location, used for carrying, suspending or supporting a telecommunication network, but does not include a pole;

(g) "nodal officer" means the nodal officer of the concerned public entity as specified in rule 4 for carrying out the purposes of these rules on behalf of such public entity;

(h) "overground telecommunication network" means parts of a telecommunication network or telecommunication equipment established over the ground and includes telecommunication infrastructure that is portable, posts, pole, mobile tower, telecommunication line or other above-ground contrivances, appliances and apparatuses for the purpose of establishment or maintenance of the telecommunication network;

(i) "pole" means any above-ground contrivance including mast of height not exceeding thirteen metres for carrying, suspending or supporting a telecommunication network, but does not include a mobile tower;

(j) "portal" means the portal to be notified by the Central Government containing the links to one or more digital portals of various public entities;

(k) "Schedule" means the schedule annexed to these rules;

(l) "small cell" means a cellular radio access node that has a coverage of distance up to two kilometres;

(m) "street furniture" means any post or pole used for electricity, street light, traffic light, traffic sign, bus stop, tram stop, taxi stand, public lavatory, memorial, public sculpture, utility pole, metro lines and pillars, sign boards, hoardings, kiosks or any other structure or contrivance of such nature established over the property of public entity;

(n) "telecommunication line" means a wire or wires or optical fibre used for telecommunication with

any casing, coating, tube or pipe enclosing the same, and any appliances and apparatuses connected therewith for the purpose of fixing or insulating the same;

(o) "underground telecommunication network" means parts of a telecommunication network or telecommunication equipment established under the ground and includes ducts, manholes, marker stones, hand holes, submarine cables, telecommunication line, appliances and apparatuses for the purposes of establishment or maintenance of the telecommunication network.

(1)

(2) Words and expressions used in these rules and not defined but defined in the Act, shall have the meaning respectively assigned to them in the Act.

3. Application. – (1) These rules shall apply to permissions for right of way for telecommunication network.

(1)

(2) Any public entity shall exercise the powers under these rules upon an application made by any facility provider seeking right of way for telecommunication network.

(3) All applications, notifications, clarifications, permissions, objections or rejections under these rules, shall be made through the portal to the extent specified under these rules.

4. Public entity to appoint nodal officer. - Every public entity shall, within a period of thirty days from the date of notification of these rules, specify its nodal officer on the portal, for the purposes of these rules and any replacement of such officer shall also be specified on the portal by the concerned public entity within a period of seven days of such replacement.

5. Validity and renewal of permission for right of way. – The permission for right of way granted to a facility provider in respect of the underlying telecommunication network under these rules shall, unless such permission is terminated in accordance with these rules,—

(a) remain valid for a period coterminous with the term of authorisation or license, or exemption from such authorisation or license, granted or, as the case may be, exempted, by the Central Government; and

(b) continue to be valid for the term of any renewed authorisation or license, or the term of any renewed exemption from authorisation or license, renewed or, as the case may be, exempted, by that Government,

in accordance with the provisions of the Telecommunications Act, 2023 (44 of 2023), or the Indian Telegraph Act, 1885 (13 of 1885), or the rules made thereunder.

CHAPTER II

ESTABLISHMENT, OPERATION AND MAINTENANCE OF UNDERGROUND TELECOMMUNICATION NETWORK IN PUBLIC PROPERTY

6. Application by a facility provider. — (1) A facility provider seeking right of way in any public property for the purposes of establishment, operation or maintenance of underground telecommunication network, shall submit an application in such form and manner, as provided on the portal, by the concerned public entity which has ownership, control or management over such public property, along with supporting documents as specified under sub-rule (3), in such form and manner as may be specified by that public entity.

(1)

(2) Where a facility provider requires a survey to be undertaken to enable it to make the application under sub-rule (1)-

the facility provider shall submit an application in such form and manner as provided on the portal by the concerned public entity, for seeking permission to conduct such survey; and

the public entity shall, within seven days of receipt of such application, grant permission for such survey and shall not charge any fee, as specified in Part-1 of the Schedule, to the facility provider for grant of such permission.

(3) The information along with supporting documents to be provided by the facility provider, through the portal, in the application made under sub-rule (1) shall include-

(a) a copy of the authorisation under the Telecommunications Act, 2023 (44 of 2023), or license under the Indian Telegraph Act, 1885 (13 of 1885), granted by the Central Government, or

exemption from such authorisation or license, as the case may be;

(b) details of the underground telecommunication network proposed to be laid;

(c) if the right of way pertains to existing telecommunication network, a copy of as-built drawings of such telecommunication network;

(d) details of the mode of and the estimated duration for execution of the work;

(e) details of the estimated time of the day when the work is expected to be done, in case the facility provider expects the work to be done during specific time of the day;

(f) details of the estimated expenses the public entity may incur in consequence of the work proposed to be undertaken by the facility provider;

(g) details of the inconvenience that is likely to be caused to the public and the specific measures proposed to be taken to mitigate such inconvenience;

(h) details of the specific measures proposed to be taken to ensure public safety during the execution of the work;

(i) details of the need of facility provider for access to the telecommunication network sought to be established, for operating and maintaining such network;

(j) names and contact details of the employees of the facility provider for the purposes of communication in regard to the application made; and

(k) details of any other matter relevant, in the opinion of the facility provider, connected with or related to the work proposed to be undertaken.

(4) Every application under sub-rule (1), shall be accompanied with fee as specified in Part-1 of the Schedule:

Provided that no fee, charge, rent, annuity, or any other financial levy or contribution or compensation in any form, shall be applicable for right of way related to any underground telecommunication network pertaining to any project notified by the Central Government.

7. **Grant of permission by public entity . —** (1) Upon examination of an application received under sub-rule (1) of rule 6, the public entity may-

(a) seek clarifications or further documents, as may be required, through the portal, within a period of thirty days from the date of receipt of such application:

Provided that the public entity shall seek all such clarifications and additional documents, if any, in one consolidated requisition; and

(b) grant permission within a period of sixty-seven days from the date of receiving the application or proceed in the manner specified in sub-rule (3) and sub-rule (4).

(1)

(2) The permission granted by the public entity shall-

(a) ensure that the area or cross-section of the underground telecommunication network for which right of way is granted shall be the length of duct multiplied by the diameter of the duct multiplied by the number of ducts;

(b) specify whether the permission is subject to the undertaking and bank guarantee for restoration of property under clause (a) of sub-rule (8) read with sub-rule (9), or compensation for any damage as specified in clause (b) of sub-rule (8); and

(c) specify other conditions including the time, and measures to mitigate public inconvenience or enhance public safety, the mode of execution of the right of way and the conditions relating to the needs of operation and maintenance of the telecommunication network so established:

Provided that the public entity shall give due consideration to the mode of execution as specified by the facility provider under clause (d) of sub-rule (3) of rule 6.

(3) Where the public entity has reasons to reject the application for right of way, it shall upload, within a period of forty-five days from the date of receipt of the application, such reasons on the portal and the facility provider shall respond to such reasons on the portal, within a period of fifteen days therefrom.

(4) The public entity shall, after due consideration of the response of the facility provider under sub-rule (3), decide to either accept or reject the application for right of way and shall upload its decision on the portal within a period of seven days:

Provided that any decision rejecting the permission for right of way shall record the reasons for rejection, in writing.

(5) Upon rejection of permission by the public entity, the public entity shall refund to the facility provider ninety per cent of the fee paid under sub-rule (4) of rule 6, within a period of fifteen days from the date of such rejection.

(6) If the public entity fails to either grant or reject permission within the timelines specified under this rule, the permission shall be deemed to have been granted, and such system generated deemed permission shall be automatically uploaded on the portal.

(7) In cases of deemed permission issued under sub-rule (6), the public entity shall, within a period of seven days, generate through the portal, the terms and conditions of such deemed permission, which shall be based on the principles under sub-rule (2).

(8) In order to address any damage to the property as a result of the works relating to the right of way, the facility provider shall, at the option of the public entity,-

(a) restore such property to the state as it existed prior to the execution of such activities; or

